उज्जैन
शनिवार
14
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-103
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



धनुष संग शादी की अफवाह पर बोलीं मृणाल ठाकुर अफवाहें खबर नहीं होतीं मुझे प्रेग्नेंट बता दिया जाता है सोशल मीडिया पर सब सच नहीं

पेज- 8

## पुलवामा हमले की बरसी पर पीएम मोदी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने साल 2019 के पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल



मीडिया एक्स पर लिखा कि पुलवामा में जान गंवाने वाले बहादुर नायकों को याद कर रहा हूं। उनका समर्पण, संकल्प और राष्ट्र की सेवा हमारी सामूहिक चेतना में हमेशा अंकित रहेगी। उनकी बहादुरी से हर भारतीय को ताकत मिलती है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी बहादुर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में 14 फरवरी 2019 को सबसे घातक आतंकी हमला हुआ था। इसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।

## भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन शुरू, 25000 से ज्यादा पदों पर युवाओं को मौका

**नई दिल्ली।** देश की सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस भर्ती अभियान के तहत विभिन्न श्रेणियों में 25 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। इस भर्ती अभियान के तहत जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क और स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन, सोल्जर फार्मा, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट और महिला मिलिट्री पुलिस जैसी श्रेणियों में उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। सेना की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार देशभर के युवाओं को इस योजना के माध्यम से सेना में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

## तेलंगाना नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस ने जबरदस्त जीत

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में कांग्रेस ने म्युनिसिपल चुनावों में जबरदस्त जीत हासिल की, जबकि बीआरएस और बीजेपी ने भी अपनी मौजूदगी



दर्ज कराई। चुनाव 11 फरवरी को हुए। 116 म्युनिसिपैलिटी के 2,582 वार्ड में से, कांग्रेस ने 1,300 से ज्यादा वार्ड जीते, उसके बाद बीआरएस (लगभग 700 वार्ड) और बीजेपी (लगभग 275 वार्ड) रहे। डिप्टी चीफ मिनिस्टर मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने दावा किया कि कांग्रेस ने 83 म्युनिसिपैलिटी और पांच कॉर्पोरेशन में बड़ी जीत हासिल की है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी शहरी लोकल बॉडीज में अपना असर दिखाया, क्योंकि उसने चार नगर निगमों में 22 वार्ड और 15 नगर पालिकाओं में 40 से ज्यादा वार्ड जीते।

## तांत्रिक के झांसे में आकर तीन लोगों की हत्या का खुलासा

**नई दिल्ली।** के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर कार में मिले तीन शवों के मामले ने जांच के दौरान बेहद चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। शुरूआती तौर पर आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा यह घटनाक्रम अब हत्या में बदल गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि 72 वर्षीय कथित तांत्रिक बाबा कमरुद्दीन ने अपने अनुयायियों को जिन्न के जरिए धनवर्षा कराने का झांसा देकर उन्हें जहरीला पदार्थ पिला दिया, जिससे तीनों की मौत हो गई। मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस के अनुसार 8 फरवरी को कार के अंदर रणधीर सिंह, शिव नरेश सिंह और लक्ष्मी देवी के शव बरामद हुए थे। तीनों के शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शुरूआती जांच में इसे सामूहिक आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूत सामने आने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के दिशानिर्देश, यह हमारी धार्मिक आजादी पर हमला

# जहां वंदे मातरम् अनिवार्य वहां से बच्चों को निकालें

### उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस आदेश को इस्लाम विरोधी बताया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

केंद्र सरकार ने 28 जनवरी को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनके मुताबिक, अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में वंदे मातरम् बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा।

उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस आदेश को इस्लाम विरोधी बताया है। उन्होंने कहा- यह आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। वंदे मातरम् में कहा गया है कि हिंदुस्तान की भूमि की हम पूजा करते हैं, लेकिन मुसलमान के लिए यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि वह अल्लाह के साथ किसी और को शरीक कर अपनी पूजा



में शामिल करे। हम कहेंगे कि जिन स्कूलों में वंदे मातरम् को अनिवार्य किया जा रहा है, वहां से सभी मुसलमान अपने बच्चों को निकाल लें। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते कि वह इस्लाम में रहकर किसी और खुदा की इबादत करे। यह फैसला कानून के खिलाफ है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि अपना फैसला वापस ले।

- कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद भी जता चुके विरोध इससे पहले भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद भी केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध जता चुके हैं। मसूद ने 12 फरवरी को कहा था- भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। हमें संविधान के आर्टिकल 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है।
- वंदे मातरम् के सम्मान को लेकर कोई झगड़ा नहीं है। विवाद केवल वंदे मातरम् की कुछ लाइनों को लेकर है, जो हमारी मजहबी आजादी पर अंकुश लगाती हैं। जो लोग आज वंदे मातरम् पर बहस कर रहे हैं, वही सबसे ज्यादा संविधान का मजाक उड़ाते हैं।

### पीएम मोदी का असम दौरा

## 5,450 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे, हाईवे पर फाइटर जेट्स की लैंडिंग देखेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे की शुरूआत वे डिब्रूगढ़ के पास मोरान बाइपास स्थित इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी से करेंगे, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपनी तरह की पहली सुविधा है।

प्रधानमंत्री को लेकर विमान इसी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरेगा। पीएम की मौजूदगी में इसी लैंडिंग फैसिलिटी पर राफेल और सुखोई एक स्पेशल एरियल डेमो करेंगे। इसमें विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ दिखाएंगे। डेमो करीब 30-40 मिनट का होगा। पिछले तीन महीने में पीएम मोदी का यह तीसरा असम दौरा है। राज्य में आगामी कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। असम में 2016 से लगातार दो बार एनडीए की सरकार बनती आ रही है। इससे पहले 2001-2016 तक कांग्रेस की सरकार थी। असम में बनी पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी मोरान एयरस्ट्रिप एनएच-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। ईएलएफ का मतलब है कि युद्ध या आपात स्थिति में विमान हाईवे पर उतर या उड़ान भर सकते हैं। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है।

## एअर इंडिया पर 1 करोड़ का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली


भारत के नागरिक उड्डयन नियामक ने एअर इंडिया पर 1.10 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एक एयरबस विमान को बिना एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट (विमानल उड़ाए जाने योग्य है या फिटनेस सर्टिफिकेट) के 8 बार उड़ाए जाने के कारण की गई। डीजीसीए ने एक गोपनीय आदेश में कहा है कि इस चूक से देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन पर जनता का भरोसा और कम हुआ है। एयरवर्थनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर था पीटीआई के अनुसार मामला 26 नवंबर 2025 का है, जब एअर इंडिया ने खुद डीजीसीए को इस चूक की जानकारी दी थी। कंपनी ने बताया था कि उनके एक एयरबस अ320 नियो विमान का एयरवर्थनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका था। फिर भी उसे 24 और 25 नवंबर को 8 रेवेन्यू सेक्टर्स (व्यावसायिक उड़ानों) में इस्तेमाल किया गया।

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला

## भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29



मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ निक ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है।

## भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग 5 पायदान सुधरी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरूआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है।

## अमेरिका का दूसरा जंगी बेड़ा मिडिल ईस्ट रवाना

### यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर




ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंटन

अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रॉयटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है। अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं।

जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन-नागदा में बच्चा चोरी की अफवाहें, सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल

**उज्जैन।** सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी की अफवाहों के बीच उज्जैन और नागदा से दो वीडियो वायरल हुए हैं। इन वीडियो में दो अलग-अलग युवकों को बच्चा चोरी के संदेह में पकड़ा गया है। पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है। उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र की गरीब निवास कॉलोनी से सामने आए एक वीडियो में दो पुलिसकर्मी एक युवक को गाड़ी में बैठाकर ले जाते दिख रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक कॉलोनी में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था, जिसके बाद उसे बच्चा चोरी के शक में पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि युवक के साथ मारपीट भी की गई थी। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने इस संबंध में स्पष्ट जानकारी न होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि वह किस उद्देश्य से क्षेत्र में आया था और क्या मामला वास्तव में बच्चा चोरी से जुड़ा है या यह केवल एक अफवाह है। इसी तरह का एक अन्य वीडियो नागदा से वायरल हुआ है। इसमें भीड़ एक युवक को बच्चा चोर बताकर घेरे हुए हैं। वीडियो में युवक की गोद में एक बच्चा भी दिख रहा है, जो खुद को नागदा का निवासी बता रहा है। जब बच्चे से पूछा जाता है कि क्या सामने खड़ा व्यक्ति उसका पिता है, तो वह सहमति देता है। वायरल वीडियो में युवक भीड़ को समझाते हुए कह रहा है कि वह तीन साल बाद अपने बच्चे से मिलने आया है और बच्चा उसी का है। हालांकि, इसके बावजूद भीड़ युवक को पकड़े हुए नजर आती है। दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके और अफवाहों पर लगाम लगाई जा सके।

### दिन और रात के तापमान में 15 डिग्री का अंतर

**उज्जैन।** अब सर्दी का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो कि 97 दिनों में सबसे अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह की शुरूआत ठंडक से हुई सूरज चढ़ते ही धूप के तेवर तीखे हो गए। दिन और रात के तापमान में 15 डिग्री का अंतर है। दिन में जहां तेज धूप लोगों को पसीने छुड़ा रही है, वहीं रात का तापमान 15.8 डिग्री है, जिससे रात में हल्की ठंड का अहसास है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। हवा की गति लगभग 2 किमी घंटा है और आर्द्रता सुबह 84 तो शाम को 40% रही।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की आवश्यक बैठक कल

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स स्टाफ सदस्यों, श्रमिकों व ठेकेदार श्रमिकों की बैठक 15 फरवरी 2026 को शहीद पार्क पर रखी गई है। कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक प्रकाश सोलंकी के अनुसार बैठक में 9 फरवरी को इंदौर उच्च न्यायालय में राजीव गांधी श्रमिक योजना की सुनवाई थी। आने वाले समय में फैसले की जानकारी से अवगत कराना व 20 फरवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट में उपस्थिति के लिए बैठक में चर्चा करना, बैठक का विषय रहेगा।

### निलंबित जनशिक्षक और शिक्षक पर होगी विभागीय जांच

**उज्जैन।** शासन की ओर से आने वाली स्कूल ग्रांट (कांन्टिजेंसी) राशि को अपने निजी खातों में ट्रांसफर करने वाले जनशिक्षक राजेश वानखेड़े और एक शिक्षक पवन मिश्रा के खिलाफ अब शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय जांच भी की जाएगी। जांच के बाद इन पर अमानत में खयानत का प्रकरण भी दर्ज करवाया जाएगा। मामले में एक बीआरसी का भी निलं?बन होना तय है। बीआरसी रामप्रसाद राठौर के खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू की जाएगी। बड़नगर विखं में जनशिक्षक वानखेड़े ने विकासखंड में प्रभारी बीएसी और अकाउंटेंट के प्रभार में रहते हुए प्राध्यापकों से ओटीपी प्राप्त कर स्कूल ग्रांट की राशि को अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर लिया।

# महाशिवरात्रि से पहले महाकालेश्वर मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत बारह ज्योतिर्लिंगों में तीसरे क्रम के महाकालेश्वर मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मंदिर प्रबंध समिति ने मुख्य शिखर सहित पूरे परिसर और कोटितीर्थ कुंड क्षेत्र में एलईडी व फ्लड लाइट लगाई हैं, जिससे आकर्षक आभा नजर आ रही है। 6 फरवरी से शुरू महाशिवनवरात्रि में रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। मुख्य पर्व 15 फरवरी को होगा, जब महाकालेश्वर निराकार स्वरूप में दर्शन देंगे।

# सड़क चौड़ीकरण का नोटिस मिलते ही रहवासियों ने किया चक्काजाम



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ मेले में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए उज्जैन में आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया गया है। कोयला फाटक मार्ग से निजातपुरा, कंठाल तक और बियाबानी से तेलीवाड़ा तक सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हो चुका है।

शुक्रवार को तेलीवाड़ा से दानी गेट तक चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की टीम ने मुनादी करवाई, जिसके बाद व्यापारियों और रहवासियों ने टंकी चौक के पास चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे चले चक्काजाम के चलते राहगीरों को परेशान होना पड़ा।

> सात दिन का समय मिला, लोग बोले- परीक्षा चल रही है कम से कम एक माह का समय दें

**सात दिन में खाली करने के नोटिस पर नाराजगी-** निगम की ओर से नोटिस मिलने के बाद रहवासियों और व्यापारियों ने कहा कि सात दिन में घर और दुकान खाली करना संभव नहीं है और उन्हें कम से कम एक महीने का समय दिया जाए। विरोध के दौरान कांग्रेस पार्षद माया त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। पार्षद ने कहा कि केडी गेट, तेलीवाड़ा और कोयला फाटक मार्ग पहले से टूटे पड़े हैं और अभी तक ठीक नहीं हो पाए हैं। यदि अन्य मार्ग भी तोड़ दिए गए तो लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित होगी, स्कूल बसों और व्यापार पर भी असर पड़ेगा।

### त्योहार और परीक्षाओं का हवाला

- व्यापारी मुजीब सुपारी ने बताया कि रमजान, महाशिवरात्रि और स्कूल परीक्षाएं सामने हैं, जबकि कई स्कूल बसें इसी मार्ग से गुजरती हैं। उन्होंने मांग की कि एक महीने बाद काम शुरू किया जाए, व्यापारी स्वेच्छा से सहयोग करेंगे।
- पार्षद अर्पित दुबे ने आरोप लगाया कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है और बिना समयसीमा तय किए सात दिन में खाली करने के नोटिस दे दिए गए हैं। उन्होंने काम की स्पष्ट समयसीमा तय करने की मांग की।
- नगर निगम द्वारा सिंहस्थ की तैयारियों के तहत शहर के कई प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन प्रभावित क्षेत्रों में विरोध के कारण मामला गरमा गया है।

# संपत्ति कर बकायेदारों पर नगर निगम सख्त

## 82 हजार बकाया होने पर एक मकान सील किया, कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन नगर निगम ने संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में गुरुवार को जोन क्रमांक 01 की टीम ने वार्ड क्रमांक 01 में एक मकान को सील कर दिया। इस मकान पर 82,997 रुपए का संपत्ति कर बकाया था।

निगम उन बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई कर रहा है, जिन पर 50 हजार रुपए से अधिक का संपत्ति कर बकाया है। इन बकायेदारों को पूर्व में कई बार सूचना पत्र जारी किए जा चुके थे, लेकिन उन्होंने राशि जमा नहीं की।

गुरुवार को हुई इस कार्रवाई में मोहम्मद फारूक पिता मोहम्मद अयूब के 40 सिद्धवट मार्ग स्थित मकान को सील किया गया। इस संपत्ति पर 82,997 रुपये का संपत्ति कर बकाया था। निगम अधिकारियों ने बताया कि संबंधित करदाता को भुगतान के लिए कई नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

नगर निगम ने शहर के सभी संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे अपना बकाया कर जल्द से जल्द जमा करें। ऐसा करने से वे कुर्की और तालाबंदी जैसी कार्रवाई से बच सकते हैं। निगम ने विशेष रूप से होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल और मैरिज गार्डन जैसे सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को भी समय पर कर जमा करने को कहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि सभी करदाताओं से निर्धारित समय में कर जमा करने की अपील की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बकायेदार हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आयुक्त ने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति नजदीक है, इसलिए सरचार्ज से बचने के लिए बकायेदारों को जल्द से जल्द अपना संपत्ति कर जमा करना चाहिए।

उज्जैन
शनिवार
14
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना॥

**अर्थः** मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और भूत प्राणियों की चेतना अर्थात् जीवन-शक्ति हूँ।

## खबर एक नजर...

### दूरस्थ गांवों में जल संकट पर इंदौर हाईकोर्ट सख्त

**इंदौर।** बड़वानी जिले के दूरस्थ इलाकों में जल संकट को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को इंदौर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि केवल इंदौर संभाग ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ठोस और व्यापक योजना तैयार की जाए। कोर्ट ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कुएं, तालाब, बावड़ियां और अन्य जलस्त्रोत सूख चुके हैं या जर्जर हालत में हैं, उन्हें फिर से जीवित करने के लिए प्रभावी प्लानिंग जरूरी है। इस संबंध में सरकार को चार सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जल संकट केवल स्थानीय समस्या नहीं है, बल्कि इसे राज्यव्यापी नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय ने सुनवाई के दौरान राजस्थान के पिपलांत्री गांव मॉडल का उदाहरण दिया, जहां जनसहभागिता से बंजर और पथरीले क्षेत्र को जल-संरक्षित और हरित क्षेत्र में बदला गया। याचिका में बताया गया कि निमाड़ क्षेत्र में गर्मी का असर अभी से दिखने लगा है और बारिश पर निर्भर कुएं, बावड़ियां, पोखर और कुंड तेजी से सूख रहे हैं। आने वाले दिनों में आदिवासी क्षेत्रों में पानी का संकट और गहरा सकता है।

### नशे के खिलाफ बड़ा अभियान:ड्रग माफिया पर सख्ती, युवाओं पर फोकस

**इंदौर।** नशे के बढ़ते खतरे पर सख्ती दिखाते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने ड्रग्स पर पूर्ण नियंत्रण के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। यह टास्क फोर्स आबकारी विभाग, आयुष विभाग और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर नशे के अवैध कारोबार और उसके सामाजिक दुष्प्रभावों पर निर्णायक कार्रवाई करेगी। कलेक्टर ने ड्रग्स से जुड़े व्यवसायों और संदिग्ध इकाइयों के गहन निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। साथ ही, युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में व्यापक जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने को कहा गया है। उनका कहना है कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई अकेले प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है, जो अवैध ड्रग्स सेंटरों पर कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी। अभियान के तहत मीडिया के माध्यम से भी नशे के दुष्परिणामों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

### चार गुना मुआवजे को लेकर ठल्हअकऑफिस के बाहर किसानों का प्रदर्शन

**इंदौर।** एनएचएआई द्वारा बनाए जा रहे पूर्वी रिंग रोड के विरोध व चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में सिमरोल, खुड़ैल, फरसपुर, अंबाचंदन, जामली आदि गांव के किसानों ने ओमेक्स सिटी स्थित एनएचएआई के कार्यालय पर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां मौजूद 100 से अधिक किसानों ने कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मांग उठाई कि एनएचएआई द्वारा वर्तमान में जो 140 किमी की अलाइनमेंट के अनुसार हाईवे बनाया जा रहा है, उसे बदलकर पहले से मौजूद सरकारी जमीन से गुजरने वाले 160 किमी के वैकल्पिक अलाइनमेंट के अनुसार बनाया जाए। किसानों ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही सरकारी कांकड़, शासकीय भूमि, बंजर इलाके और वन भूमि से हाईवे निकाला जाए। इसके अतिरिक्त जो भी कृषि भूमि अर्जित की जाती है उसका मुआवजा बाजार मूल्य के चार गुना तक दिया जाए।

### इंदौर में 3 दिन से लापता थी, कॉलेज के ग्रुप में आया था आपत्तिजनक वीडियो


# क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र मिला एमबीए छात्रा का शव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव निर्वस्त्र हालत में उसके क्लासमेट के कमरे में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा तीन दिन से लापता थी।

10 फरवरी की रात कॉलेज के आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट हुआ था। इसमें युवक का चेहरा इमोजी से छिपा था, जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिख रहा है। परिजन का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए और उसके संपर्क में रहने वालों को भी भेजे।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना अंकल गली की है। सूचना मिलते एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जिस कमरे से शव मिला है, वह मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया का है। जो उसने किराए से ले रखा है।



दोनों सांवेर रोड स्थित एक संस्थान से एमबीए में सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से ही पीयूष लापता है। क्लासमेट के साथ बर्थडे पार्टी में जाने की बात कही थी पुलिस के अनुसार, युवती 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड ठीक कराने की बात कहकर पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से उसने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है। रात 11 बजे तक लौट आएगी।

- बहन ने कहा कि वह यह बात खुद पिता को बता दे। इसके बाद युवती घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल भी बंद हो गया।
- पिता बोले- यातनाएं देकर हत्या की गई युवती के पिता ने बताया कि थाने से फोन आया था कि वे तुरंत पीयूष के कमरे पर पहुंचें, पुलिस टीम भी वहां आ रही है। बेटी की पहचान उन्होंने उसके मोजों से की।
- पिता का आरोप है कि छात्रा को यातनाएं देकर हत्या की गई। उसके कई वीडियो वायरल किए गए। मानसिक रूप से प्रताड़ित और ब्लैकमेल किया गया। उन्होंने कहा कि बेटी ने कुछ बातें छोटी बहन को बताई थीं, जिससे यह जानकारी सामने आई है।
- प्रबंधन ने पिता को बुलाया, दोनों के फोन बंद आ रहे थे बताया जा रहा है कि उसी रात कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप में युवती का एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें युवक का चेहरा इमोजी से ढंका हुआ था, जबकि युवती का चेहरा साफ दिख रहा था।
- कॉलेज प्रबंधन ने वीडियो हटाकर अगले दिन 11 फरवरी को युवती के पिता को बुलाया। बताया कि दोनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं। इसके बाद परिजन रावजी बाजार थाने पहुंचे, जहां से उन्हें पंढरीनाथ थाने भेजा गया और देर रात गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज हुई।
- पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई, टालमटोल करती रही 12 फरवरी को पूरे दिन युवती की तलाश चलती रही, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई और टालमटोल करती रही। परिवार की आशंका के आधार पर एक पुलिसकर्मी युवती के क्लासमेट पीयूष के कमरे तक पहुंचा भी, लेकिन केवल बाहर से ताला लगाकर मकान मालिक को किसी के आने पर सूचना देने की बात कहकर लौट गया।

# शिवधाम में आठ दिवसीय शिव विवाह महोत्सव

## सोने के पानी से होगा महादेव का अभिषेक, आज भगवान को लगेगी हल्दी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर (शिवधाम) में भव्य 8 दिवसीय शिव विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-रोगन, विद्युत सज्जा, केसरिया पताकाओं, भव्य प्रवेश द्वार और मंचों से सजाया गया है। पूरे महोत्सव के दौरान शिवधाम भक्तिरस में डूबा रहेगा।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का अलग-अलग आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर में बैंड-बाजों की गूंज, शहनाई वादन, भजन मंडलों द्वारा संगीतमय आराधना तथा धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चल रही है। महोत्सव के दौरान सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का पूजन-अर्चन किया



जाएगा। 9 फरवरी से निरंतर विशेष श्रृंगार और भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं।

शिव विवाह महोत्सव में गणेश पूजन, हजारों दीपकों से दीप सज्जा, माता पूजन, मंडप स्थापना, तिलक रस्म, हल्दी, मेहंदी, भस्म आरती तथा फरियाली भंडारे जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। 12 फरवरी (गुरुवार) को सुबह 10 बजे पार्थिव गणेश स्थापना की गई। महिला संगठनों द्वारा नृत्य-नाटिका और भजनों की प्रस्तुति दी गई और भगवान गेन्देश्वर महादेव को गणेश स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। 13 फरवरी को पार्थिव काली पूजन, नवचंडी पाठ एवं माताजी के भजन हुए।

14 फरवरी (शनिवार) को भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती को हल्दी, तेल अर्पित कर पारंपरिक विवाह रस्में निभाई जाएंगी। महिलाएं हल्दी और गुलाल से होली खेलेंगी। शाम को मेहंदी और भजन संध्या का आयोजन होगा व भगवान को मंडप में विराजमान किया जाएगा। मान्यता है कि शिवधाम में चढ़ी हल्दी विवाह योग्य युवाओं को लगाने से शीघ्र विवाह के योग बनते हैं।

15 फरवरी (रविवार) शिवरात्रि पर तड़के 4 बजे भस्म आरती होगी। इसके बाद स्वर्ण कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। शाम को शंकर-पार्वती दूल्हा-दुल्हन स्वरूप में विराजित रहेंगे और रात्रि 8 बजे तांडव आरती होगी। शिवरात्रि पर दिनभर फरियाली भंडारा एवं रात्रि भर विभिन्न रसों से अभिषेक किया जाएगा।

# अमेजन को उपभोक्ता को रकम लौटाने का आदेश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

जिला उपभोक्ता फोरम ने ऑनलाइन ई-कॉमर्स कंपनी अें९ङ्गल्ल के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय दिया है। जागरूक उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार अमोलिया द्वारा परिवादी की ओर से प्रकरण प्रस्तुत किया गया। आयोग की सदस्य डॉ. निधि बारंगे ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मामले में उपभोक्ता को सेवा में कमी का सामना करना पड़ा, जिसके लिए विपक्षी कंपनी उत्तरदायी है। फरियादी मयंक जैन निवासी वर्धमान नगर द्वारा दायर परिवाद के अनुसार अगस्त 2021 में उन्होंने अमेजान की वेबसाइट के माध्यम से दो परिधान डिजाइनर लहंगा-चोली ऑनलाइन ऑर्डर किए गए थे, जिनकी कुल कीमत 97,998 रु. थी। ये प्रॉडक्ट्स मिलने के बाद वे अपेक्षित गुणवत्ता और विवरण के अनुरूप नहीं पाए गए। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उत्पाद लौटाने के बावजूद कंपनी द्वारा भुगतान की गई राशि वापस नहीं की गई। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि फरियादी ने समय-समय पर कंपनी से संपर्क किया, लेकिन संतोषजनक समाधान नहीं मिला। फोरम ने यह भी माना कि विपक्षी द्वारा प्रस्तुत तर्क और दस्तावेज सेवा में कमी को नकारने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# इंदौर की लाइफलाइन शास्त्री ब्रिज होगा ध्वस्त, नया 6-लेन ब्रिज बनेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर की यातायात व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले शास्त्री ब्रिज को अब तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा। कलेक्टर, सांसद और महापौर की समन्वय बैठक के बाद इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने का निर्णय लिया गया है। नए ब्रिज का निर्माण इंदौर नगर निगम और भारतीय रेलवे के संयुक्त सहयोग से किया जाएगा।

**निगम और रेलवे मिलकर करेंगे निर्माण, अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

प्रस्तावित नया ब्रिज 6 लेन का होगा, ताकि बढ़ते ट्रैफिक दबाव को लंबे समय तक संभाला जा सके। करीब 70 साल पुराना मौजूदा ब्रिज जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है और



प्रतिदिन हजारों वाहनों के आवागमन के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है। इसी को देखते हुए शहर में लंबे समय से नए और चौड़े ब्रिज की मांग की जा रही थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नए ब्रिज को मौजूदा स्तर से करीब 5 मीटर ऊंचा बनाया जाना आवश्यक है, जिससे रेलवे संचालन में भी कोई बाधा न आए। शास्त्री ब्रिज इंदौर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक पर स्थित है और यह पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र को जोड़ने का अहम माध्यम है। इसी मार्ग से रीगल चौराहा, पलासिया (एमजी रोड), एमजी रोड से राजबाड़ा, कलेक्ट्रेट, इंदौर



रेलवे स्टेशन, शास्त्री मार्केट और सियागंज जैसे प्रमुख व्यावसायिक केंद्र जुड़े हुए हैं। बैठक के बाद कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को रेलवे अधिकारियों, नगर निगम के अपर कमिश्नर और मेट्रो रेल प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप देकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि नया 6-लेन शास्त्री ब्रिज न केवल ट्रैफिक जाम से राहत देगा, बल्कि आने वाले वर्षों की यातायात जरूरतों को भी पूरा करेगा और शहर की कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएगा।

## खबर एक नजर...

### डी. लिट. की उपाधि प्राप्त करने वाली बनीं प्रदेश की एकमात्र महिला

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की शोधार्थी डॉ. श्वेता तलेसरा ने वाणिज्य संकाय में डी. लिट. (डॉक्टर ऑफ लिटरेचर) की उपाधि प्राप्त कर शिक्षा जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. श्वेता तलेसरा वाणिज्य संकाय से डी. लिट. की उपाधि प्राप्त करने वाली मध्यप्रदेश की एकमात्र महिला शोधार्थी बन गई हैं।

उन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि उनके शोध प्रबंध 'अ स्टडी ऑफ इंडस्ट्रियल सिकनेस इन मध्यप्रदेश' के लिए प्रदान की गई है। डॉ. श्वेता तलेसरा ने अपने शोध में मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र की जटिल समस्याओं, इकाइयों के संकट, वित्तीय अस्थिरता, उत्पादन क्षमता, श्रमिक व्यवस्था और तकनीकी पिछड़ेपन का गहन वैज्ञानिक विश्लेषण किया है। उन्होंने क्षेत्रीय निरीक्षण, सर्वेक्षण और साक्षात्कारों के आधार पर औद्योगिक पुनरुद्धार के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत किए हैं। उनकी इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। डॉ. श्वेता तलेसरा की सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार, प्राध्यापक वर्ग, शोध समुदाय और शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### वार्ड 39 में संगठन सर्जन अभियान के तहत वार्ड समिति की बैठक हुई संपन्न

उज्जैन। संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 स्थित किशनपुरा के संत बालीनाथ कम्युनिटी हाल में वार्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी विस्तार तथा नए कार्यकताओं के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता माधव नगर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, जिला प्रभारी अमित शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, पूर्व प्रशासक अजीत सिंह ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल उपस्थित रहे। इनके साथ पूर्व पार्षद जितेंद्र तिलकर, सुरेंद्र मरमट, दीपक मेहरा, लालचंद भारती, हिमांशु जोशी, अर्पित यादव, बाबूलाल गोठवाल, मनोहर चावंड, राजू खलीफा एवं सुरेश वासनिक भी मंचासीन रहे।

# रस्साकशी में दिखाया दम, तो दुल्हन बन इठलाईं छात्राएं

## अनुगूँज 2026 में सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में छात्राओं ने दिखाया उत्साह, तीन दिवसीय उत्सव शुरू

### कुलगुरु बोले- स्नेह सम्मेलन से मिलती है साल भर की ऊर्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुगूँज का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर (एडीएम) श्री शाश्वत शर्मा ने शिरकत की।



### आनंद की अनुगूँज साल भर सुनाई देनी चाहिए: कुलगुरु

मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्नेह सम्मेलन शैक्षणिक संस्थानों में आनंद की अनुभूति का संचार करते हैं। ऐसे आयोजनों की सकारात्मक 'अनुगूँज' वर्ष भर परिसर में सुनाई देते रहनी चाहिए, जिससे शैक्षणिक वातावरण भी प्रफुल्लित रहता है। विशिष्ट अतिथि एडीएम श्री शाश्वत शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हौसले और उत्साह के साथ कर्म करते रहना ही मानव जीवन का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन छात्राओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच देने का श्रेष्ठ माध्यम है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर सकारात्मक दृष्टि से प्रयास करना चाहिए।

### खेल और संस्कृति का दिखा संगम

शिक्षा विभाग (उज्जैन संभाग) के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने कहा कि यह महाविद्यालय अपने उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। कालिदास कन्या अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि इस आयोजन ने उन्हें इसी महाविद्यालय में उनके समय के वार्षिकोत्सव की याद दिला दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने विविधरंगी प्रतिस्पधाओं के लिए छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। स्वागत भाषण छात्र संघ प्रभारी डॉ. रश्मि भार्गव ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दिव्या गहरोत्रा ने किया और आभार डॉ. संगीता कारलेकर ने माना।

### दुल्हन प्रतियोगिता रही आकर्षण

उद्घाटन सत्र के बाद महाविद्यालय परिसर गतिविधियों से गूंज उठा। खेल मैदान में छात्राओं ने रस्साकशी, चेयर रेस और स्लो साइकिलिंग में अपना दम दिखाया। वहीं, सांस्कृतिक और साहित्यिक मंच पर तात्कालिक भाषण, अल्पना (रंगोली), केश सज्जा, फैंसी ड्रेस और दुल्हन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने सोल्लास भागीदारी कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# माधव विज्ञान महाविद्यालय में इको क्लब की गतिविधियों का समापन

### एप्को भोपाल और भारत सरकार के सहयोग से दिसंबर से फरवरी तक चलीं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के अंतर्गत इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को लेकर आयोजित तीन माह (दिसंबर 2025 से फरवरी 2026) के विशाल कार्यक्रम का 11 फरवरी को ह्लमिलेट फेस्टह्ल के साथ भव्य समापन हुआ। ये सभी आयोजन एप्को भोपाल और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संपन्न हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास एवं इको क्लब संयोजक डॉ. मनमीत कौर मक्कड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को कौशल विकास और पर्यावरण संवर्धन का पाठ पढ़ाया गया।




**मशरूम उत्पादन और वर्मीकम्पोस्ट का प्रशिक्षण**

छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से डॉ. जीवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में 18 से 24 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन पर सात दिवसीय कार्यशाला हुई। वहीं, डॉ. हर्षद शर्मा के निर्देशन में तीन सप्ताह तक चले वर्मीकम्पोस्ट प्रशिक्षण में 50 विद्यार्थियों ने जैविक खाद बनाने की विधि सीखी। इको क्लब की ओर से प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन, लेटर पैड, कैप और बैज प्रदान किए गए।

**प्रतियोगिताओं और योग से युवा हुए जागरूक**

6 से 9 जनवरी के मध्य पर्यावरण जागरूकता पर आधारित स्लोगन लेखन, क्विज, रंगोली, ह्लगमला सजाओह्ल और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 12 जनवरी (युवा दिवस) पर डॉ. प्रमिला बघेल के मार्गदर्शन मे सुश्री अर्पिता अंजना द्वारा 60 विद्यार्थियों को योग का विशेष प्रशिक्षण दिया। इसके पूर्व 29 दिसंबर को ह्लवीर बाल दिवसह्ल भी मनाया गया।

### तेज डीजे बजाकर किया प्रतिबंधित आदेश का उल्लंघन, संचालक पर मामला दर्ज

**मंदसौर** । प्रतिबंधित आदेश के बावजूद डी.जे. साउण्ड के संचालक द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने पर उसके खिलाफ कार्यवाही कर डी.जे. साउण्ड सहित पिकअप वाहन को जब्त किया। प्राप्त जानकारी अनुसार यह मामला जिले के दलौदा में जैन मंदिर के पास 12 फरवरी की रात करीब 10.30 बजे का है। वारे साँवरिया ब्रांड राहत चेतक डीजे. संचालक गोपाल मीणा द्वारा महू-नीमच हाईवे जैन मंदिर के पास दलौदा में डी.जे. को तेज आवाज में बजा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन नं. एमपी 09 जी ई 3281.8 स्पीकर, 6 लाउड स्पीकर, 4 एम्पलीफायर जब्त किये। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के चलते जिला दण्डाधिकारी द्वारा डी.जे. साउंड तेज बजाने आदि को प्रतिबंधित किया गया है उसके बावजूद उक्त डीजे तेज आवाज में बजाकर आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था जिस पर पुलिस ने यह कार्यवाही करते हुए डीजे. संचालक गोपाल मीणा निवासी रामगढ़ थाना प्रतापगढ़ (राज.) के खिलाफ दलौदा थाने पर 223 बीएनएस एवं 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धाराओं व मोटर व्हीकल एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही पर चक्काजाम की दी चेतावनी

### बहादुरगंज चौराहे पर खुदे जानलेवा गड्ढों को लेकर प्रशासन को अल्टीमेटम, कहा- नई कंपनी कर रही है लीपापोती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में पिछले 8 वर्षों से चल रहे टाटा प्रोजेक्ट और स्मार्ट सिटी के कार्यों की कछुआ चाल और लापरवाही अब आम जनता के लिए आक्रोश का विषय बन गई है। शुक्रवार को युवक कांग्रेस ने बहादुरगंज चौराहे पर अस्त-व्यस्त निर्माण कार्यों और खुले पड़े गड्ढों को लेकर गहरा विरोध जताया और प्रशासन को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि उज्जैन में टाटा प्रोजेक्ट्स का कार्य विगत 8 वर्षों से चल रहा है, लेकिन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान निर्माण कार्य के चलते हुए हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि टाटा प्रोजेक्ट्स का काम 3 साल के लिए बैन हो चुका है, लेकिन इसके बाद जिस नई कंपनी को ठेका दिया गया है, वह भी केवल लीपापोती का काम कर रही है।

### बहादुरगंज में जानलेवा बने गड्ढे

अर्पित यादव ने बहादुरगंज चौराहे की स्थिति बताते हुए कहा कि, यहां सड़क के बीचों-बीच बड़े गड्ढे खुदे हुए हैं और मलबा फैला हुआ है। यहां यातायात का भारी दबाव रहता है, इसके बावजूद ठेकेदार कंपनी ने न तो गड्ढों को भरा है और न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग (घेराबंदी) की है। यह घोर लापरवाही कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### प्रशासन को अल्टीमेटम: सुधरें हालात या होगा चक्काजाम

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने स्पष्ट किया कि वे पहले भी प्रशासनिक अधिकारियों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के जिम्मेदारों से निवेदन कर चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य की गति नहीं बढ़ाई गई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में युवक कांग्रेस के साथी सड़कों पर उतरकर चक्काजाम करेंगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**महाशिवरात्रि के अवसर पर वक्त गुरु बाबा उमाकान्त महाराज का सतसंग एवं नामदान कार्यक्रम**

उज्जैन मध्य प्रदेश वर्तमान समय में घर-घर बीमारी, परेशानी, मानसिक टेंशन, काम धंधे में बरकत की कमी और परिवारों में आपसी खींचतान से लोग परेशान हैं। क्योंकि सन्तों के उपदेशों से अलग होने के कारण आचार-विचार और व्यवहार सब खराब हो गया है। इन्सान; ईश्वरवादिता को छोड़कर राक्षसी प्रवृत्ति की तरफ बढ़ रहा है और अपनी सुख-सुविधाओं के लिए कुदरत के बनाए नियमों को तोड़ रहा है। लगातार संकेत मिल रहे हैं कि इससे शिवजी नाराज होकर सजा देने के लिए तांडव करने को तैयार खड़े हैं।

## खबर एक नजर...

### बाबा भोलेनाथ के विवाह के अंतर्गत की हल्दी की रस्म

मंदसौर। स्थानीय स्नेह नगर स्थित प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला उत्साहपूर्वक शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में बाबा भोलेनाथ के विवाह की रस्मों के अंतर्गत हल्दी की रस्म श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस मांगलिक अवसर पर बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने भाग लेकर भगवान को हल्दी अर्पित की और मंगल गीतों के साथ माहौल को शिवमय बना दिया। नगर की महिला मित्र मंडल की सदस्य इस पूरे आयोजन में विशेष रुचि और उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभा रही हैं। मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने बताया कि आज 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से मंदिर परिसर में मेहंदी रस्म का आयोजन किया जाएगा। वहीं, इसी दिन रात्रि 8 बजे भव्य महिला संगीत का आयोजन होगा। मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने नगर की सभी ने सभी से पधारकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

### जला बाल संरक्षण इकाई मंदसौर द्वारा कार्यशाला आयोजित

मन्दसौर। किमिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत किशोर न्याय के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार और समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों की भलाई को बढ़ावा देने एवं कमजोर बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जा कर एक समावेशी और सक्षम वातावरण तैयार किये जाने हेतु प्रदेश में वल्नरेबिलिटी मैपिंग किये जाने के निर्देश के पालन में प्रथम चरण में नगरपालिका सभा कक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई, मंदसौर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी 9 परियोजना के सभी पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटरो ने भाग लिया।

# त्यौहारों के बीच उजाड़ने के नोटिस पर भड़के रहवासी, पार्षदों संग दिया धरना

### तोड़फोड़ के नोटिस मिलते ही हड़कंप, निगम ने दिया भरोसे का आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सिंहस्थ महापर्व के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा शहर में किए जा रहे चौड़ीकरण का असर अब त्यौहारों की रंगत पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। वीडी मार्केट से दानीगेट तक प्रस्तावित चौड़ीकरण के तहत टंकी चौराहा से मावा बाजार क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों को तोड़फोड़ के नोटिस मिलते ही हड़कंप मच गया। इसके विरोध में आज स्थानीय रहवासियों ने पार्षदों के नेतृत्व में मावा बाजार चौराहे पर धरना दिया।

निगम ने सिंहस्थ के मद्देनजर वीडी मार्केट से दानीगेट तक सड़क चौड़ीकरण स्वीकृत किया है। हाल ही में निगम ने इस मार्ग पर स्थित मकानों और दुकानों को तोड़ने के नोटिस जारी किए थे। इससे नाराज रहवासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा कि अगले एक माह में होली, रमजान और गैर चल समारोह जैसे बड़े आयोजन होने हैं। यह समय व्यापार का भी होता है, ऐसे में तोड़फोड़ की कार्रवाई से वे सड़क पर आ जाएंगे।

जनता की नाराजगी देखते हुए पार्षद अर्पित दुबे, वरिष्ठ नेत्री व पार्षद माया त्रिवेदी, मुजीब भाई सुपारी वाले और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संचित शर्मा ने रहवासियों के साथ मावा बाजार चौराहे पर ही धरना शुरू कर दिया। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि त्यौहारों के समय लोगों को बेघर करना या रोजगार छीनना उचित नहीं है।

# किसानों को सरकार तत्काल मुआवजा दे, कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन- सिसौदिया

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

क्षेत्र में विगत दिवस हुई ओलावृष्टि एवं तेज बेमौसम बारिश से अफीम,गेंहू,चिया,लहसुन सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान हुवा व फसले पूरी तरह चौपट भी होगई किसानों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी हमारे खेतो में जाकर नुकासानी को देखा व कहा था कि संकट के इस समय मे सरकार पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है ।लेकिन बारह दिनों के बाद भी किसानों के खाते में किसी प्रकार का कोई मुआवजा राशि किसी भी किसान के खातों में नही आई। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया,सह सचिव मुकेश निडर,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसनेता अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य गणपत पंवार,विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर आदि ने पुनः ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की किसानों ने बताया कि 12 दिनों बाद भी कोई मुआवजा नही मिला नही कोई राजस्व विभाग का कर्मचारी या अधिकारी खेतो में फसल नुकसानी को देखने नही आया है ।इसलिए हम आज ओलावृष्टि से एवं बेमोसम बारिश से खेत मे मृत हुई फसलों का धूप, ध्यान अगरबत्ती लगाकर दो मिनीट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की

# रवि प्रदोष पर महाकाल की नगरी में सजेगा व्यंजनों का दरबार

### श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार आयोजित करेगा विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल की नगरी उज्जैन में सेवा और भक्ति का एक अनूठा उदाहरण आगामी 1 मार्च 2026 को देखने को मिलेगा। रवि प्रदोष के पावन पर्व के अवसर पर 'श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार' के तत्वावधान में नरसिंह घाट मार्ग स्थित रघुकुल गार्डन में एक भव्य भंडारे (रिसेप्शन) का आयोजन किया गया है।

नाना प्रकार के व्यंजनों का लगेगा भोग आयोजकों ने बताया कि बाबा महाकाल की प्रसादी के रूप में भक्तों के लिए 56 भोग जैसा विशाल मेनू तैयार किया गया है। इस महाभोज में इंद्राणी, सीताफल रबड़ी, आम का रस, खीर, रसगुल्ला और काजू कतली जैसी विशेष मिठाइयां शामिल होंगी।

इसके अलावा भोजन में तंदूरी रोटी, मिक्स वेज, पुरी, दाल-चावल, भजिया, आलू बड़ा और पापड़ कतरन का स्वाद भी भक्त ले सकेंगे। आयोजन को और खास बनाने के लिए कॉफी, आइसक्रीम, पानी पतासी और अंत में पान की भी व्यवस्था की गई है।

# छात्रों ने जंप रोप में दिखाया दम, मिले गोल्ड और सिल्वर मेडल



### द्वितीय इंटर स्कूल जंप रोप प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते कई स्वर्ण पदक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ह्लद्वितीय इंटर स्कूल जंप रोप प्रतियोगिताह्न में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय की उपप्राचार्य पल्लवी दिवाकर ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरित कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने सिंगल बाउंस, जॉगिंग, स्पीड, डबल अंडर और टीम इवेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने तकनीक और गति का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए मेडल हासिल किए। विभिन्न वर्गों में हुए मुकाबलों में वैदांशी परमार ने गोल्ड मेडल (डबल अंडर), अंश जोशी, पार्थ खटरिया, नवशील परमार गोल्ड मेडल (डबल डच इवेंट) मनवेंद्र शर्मा गोल्ड मेडल (डबल अंडर), कृषांग पावक गोल्ड मेडल (30 स्पीड), पुष्पक सिंह जामरा गोल्ड मेडल, रिपुंजय सिंह सिकरवार सिल्वर मेडल। इसके अलावा अन्य कई खिलाड़ियों ने भी अपनी-अपनी आयु वर्ग में मेडल जीते।

इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर राहुल पंड्या, एकेडमिक डायरेक्टर सरोज वागले, सीसीओ राखी मेहता एवं खेल प्रशिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भागलपुर के राष्ट्रीय एकता शिविर में माधव कॉलेज के छात्रों ने किया विक्रम विवि का प्रतिनिधित्व

उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव कॉलेज, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के स्वयंसेवक यशवंत मालवीय और देव चौहान ने बिहार के भागलपुर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्राट विक्रमादित्य (विक्रम) विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

यह सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया था। इस शिविर में उज्जैन के दल का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम भील ने किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। शिविर से सफलतापुर्वक लौटने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने दल का स्वागत किया। उन्होंने स्वयंसेवकों और दल नायक को बधाई देते हुए सम्मानित किया और इसे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज सारवान सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक नागेश भिलाला, यश पंवार और वैभव भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में 7 क्विंटल ठंडाई और 5 क्विंटल फलाहार का होगा वितरण

# श्री प्रकटेश्वर महादेव बनेंगे दूल्हा; मंदिर प्रांगण में उगे रुद्राक्षों और मेवों से सजेगा अद्भुत सेहरा

### महाशिवरात्रि पर अनूठी परंपरा, अपने ही आंगन के रुद्राक्ष धारण करेंगे बाबा प्रकटेश्वर; शाम को होंगे सेहरा दर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल की नगरी उज्जैन में महाशिवरात्रि 2026 के पावन पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। फ्रीगंज स्थित श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में इस बार बाबा का श्रृंगार और उत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। श्री शिव विष्णु समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में भगवान शिव को दूल्हे के रूप में सजाया जाएगा।

मंदिर के रुद्राक्षों से सजेगा सेहरा

इस वर्ष बाबा के श्रृंगार की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि उनका सेहरा मंदिर परिसर में ही लगे वृक्ष के रुद्राक्षों से तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही सूखे मेवे (ड्राई फ्रूट्स) और सुगंधित फूलों का उपयोग कर भव्य सेहरा सजाया जाएगा। संध्या समय भक्तों को बाबा के इस दिव्य सेहरे के दर्शन होंगे और विशेष रूप से रबड़ी-कलाकंद का भोग लगाया जाएगा।

12 बजे से बटेगी 7 क्विंटल ठंडाई

मंदिर के पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के दिन दोपहर 12 बजे से ही प्रसादी वितरण शुरू हो जाएगा। फ्रीगंज के रहवासियों और भक्तों के जनसहयोग से तैयार 7 क्विंटल ठंडाई का भोग लगाकर वितरण किया जाएगा।

संध्या आरती के पश्चात विशाल फलाहार वितरण का आयोजन होगा। पुजारी परिवार की ओर से श्री शिव विष्णु समिति के माध्यम से ढाई क्विंटल फलाहारी खिचड़ी और जनसहयोग से ढाई क्विंटल खीर का वितरण किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### शामावि किलोदा में कक्षा आठवीं का विदाई एवं प्रेरणा समारोह संपन्न

**सारंगपुर।** समीपस्थ शासकीय माध्यमिक विद्यालय किलोदा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा की ओर प्रस्थान के पावन अवसर पर एक भावपूर्ण, गरिमामय एवं प्रेरणास्पद विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्ना हुआ। यह आयोजन न केवल विदाई का क्षण था, बल्कि नवीन स्वप्नों, दृढ संकल्पों एवं उज्ज्वल भविष्य की आशाओं का मंगलोत्सव भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण स्नेह, आत्मीयता, उमंग और संस्कारों की सुगंध से सराबोर रहा। छात्र-छात्राओं ने अपनी स्मृतियों, अनुभवों एवं भावनाओं को शब्दों में पिरोते हुए विद्यालय जीवन के स्वर्णिम क्षणों को जीवंत कर दिया। वहीं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, संयम एवं नैतिक मूल्यों की अमूल्य धरोहर सौंपते हुए उन्हें जीवन-पथ पर सतत अग्रसर रहने की प्रेरणा प्रदान की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास नागर ने कहा कि यह विदाई नहीं, अपितु आपकी उत्तम शिक्षा-यात्रा का नवीन अध्याय है, जहाँ से सफलता की नई कहानी प्रारंभ होगी।

# 30 करोड़ के 21.510 किग्रा एमडी ड्रग्स और 309 किग्रा से अधिक रॉ मटेरियल जप्त

## अंतर्राज्यीय एमडी ड्रग्स निर्माण व तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

### गिरोह के सरगना सहित पाँच आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़



जिला राजगढ़ में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शुद्धि के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एसडीओपी खिलचीपुर डी.व्ही.एस.नागर के मार्गदर्शन में थाना माचलपुर पुलिस द्वारा लगातार सुनियोजित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर संचालित एमडी ड्रग्स निर्माण एवं तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया। थाना माचलपुर पुलिस द्वारा जिला झालावाड़ (राजस्थान) की जिला विशेष टीम से प्राप्त सूचना पर ग्राम गोघटपुर में दबिश दी जहाँ आरोपी रघुनंदन पाटीदार द्वारा एमडी ड्रग्स निर्माण किया आरोपी अंधेरे का लाभ लेकर फॉर्च्यूनर वाहन छोड़कर फरार हो गया। जिस पर थाना माचलपुर मे आरोपी रघुनंदन पाटीदार के खिलाफ अपराध क्रमांक 31/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया। मौके से लगभग 43 किलोग्राम रॉ मटेरियल, विभिन्न केमिकल एवं निर्माण उपकरण जप्त किए जिसकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ रुपये है। राजगढ पुलिस के डर से आरोपियों द्वारा जंगल में फेंके गए 266.900 किलोग्राम केमिकल जप्त किया। थाना माचलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक चार पहिया वाहन से संदिग्ध ड्रम फेंके गए हैं। सूचना पर गुड्डू कुशवाह इंचार्ज थाना प्रभारी मय पुलिस बल मौके पर पहुचा जहाँ जंगल क्षेत्र में खेत की बनी खंती की तलाशी ली, जहाँ 05 प्लास्टिक ड्रम (कंटेनर) पड़े मिले। जिनमे एमडी ड्रग निर्माण मे उपयोग किये जाने वाला कैमिकल जिसका वजन (ड्रम सहित) 266.9 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 करोड़ रुपये जिस पर थाना माचलपुर मे अपराध क्रमांक 35/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया। वाहन की पहचान एवं तीन आरोपी अभिरक्षा में लिया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम आदमपुरा क्षेत्र में विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शा तैयार किया गया एवं स्थानीय व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में एक मारुति कार द्वारा संदिग्ध केमिकल ड्रम जंगल क्षेत्र में फेंकने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। जांच के दौरान ग्राम रामगढ़ स्थित एक दुकान के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। फुटेज में कार को आते-जाते देखा गया। उक्त सीसीटीवी रिकॉर्डिंग जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की।

वाहन संबंधी जानकारी प्राप्त करने पर उक्त कार ललित कुमार गुर्जर निवासी बरखेड़ा खुर्द, जिला झालावाड़ के नाम पर पंजीबद्ध है वाहन की तलाश के दौरान मुखबिर सूचना पर ब्राह्मणगांव क्षेत्र में संदिग्ध वाहन को घेराबंदी कर रोका।

## बड़नगर में एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज की कृपापात्र शिष्या साध्वी देवादिती जी के सानिध्य में गीता भवन में एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। साध्वी देवादिती जी ने कहा कि मानव शरीर ईश्वर की सर्वोत्तम रचना है और इसे स्वस्थ रखना हमारा प्रथम दायित्व है। योग के माध्यम से ही शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। यदि हम प्रतिदिन अपने लिए एक घंटा योग को समर्पित करें तो दिनभर अधिक ऊर्जा, एकाग्रता और कार्यक्षमता के साथ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश को स्वस्थ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का स्वस्थ रहना आवश्यक है। उन्होंने दैनिक दिनचर्या पर विशेष मार्गदर्शन देते हुए बताया कि प्रातः उठते ही हल्का गुनगुना पानी पीना लाभकारी है। दही और ककड़ी तथा दूध और सेवफल (सेब) का एक साथ सेवन नहीं करना चाहिए। प्राणायाम पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि इससे पेट एवं मस्तिष्क का संतुलन बना रहता है। प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर गीता भवन समिति अध्यक्ष श्री हरिकिशन मेलवानी, हिंदू पंचान समिति अध्यक्ष प्रेमचंद त्रिवेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श अनिता सतीश वर्मा,भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऊषा सोनी, भावना जोशी, हंसा अरविंद व्यास,राज्य संवाद प्रभारी पिस्ता यादव(महिला पतंजलि योग समिति,मध्यप्रदेश पश्चिम),मीना भावसार (महिला समिति रतलाम),जिला प्रभारी श्रुति पैठने,इंदौर से सुमन गुप्ता, राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी गुना,भारती शर्मा (कुंभराज),सरिता शर्मा,रिंकू सिंगोरिया,तृषा अग्रवाल,सुभाष गुप्ते सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की रूपरेखा अरविंद व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन ऊषा सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन माधुरी शर्मा द्वारा किया गया।

# महाशिवरात्रि के स्वागत में शिवमय हुआ अंचल, शिवालयों में तैयारियों का दौर शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर नगर एवं समूचे अंचल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर इन दिनों भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक चेतना की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। देवाधिदेव महादेव की आराधना की इस परम पुण्य रात्रि के स्वागत में नगर के प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शिवालयों सहित क्षेत्र के समस्त मंदिरों में तैयारियों का दौर पूरे शिखर पर है। चारों ओर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा है, मानो स्वयं कैलाशपति अपनी दिव्य उपस्थिति से सारंगपुर की धरा को पावन कर रहे हों।

क्षेत्र के तीर्थ एवं नगर के ऐतिहासिक कपिलेश्वर धाम, तिलभांडेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, वटकेश्वर महादेव, गुप्तेश्वर महादेव, चिंतामणेश्वर महादेव, सर्वकामनेश्वर महादेव सहित अंचल के असंख्य शिवालयों में विशेष श्रृंगार, भव्य सजावट एवं दिव्य प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। शिवलिंगों का अभिषेक गंगाजल, पंचामृत, दुग्ध, दधि, मधु, घृत एवं सुगंधित द्रव्यों से कर उन्हें बेलपत्र, आक, धतूरा, पुष्प एवं रुद्राक्ष की पावन छाया में अलंकृत किया जा रहा है। विद्युत झालरों की झिलमिलाहट और दीपमालाओं की रश्मियाँ शिवालयों को दिव्य लोक की अनुभूति प्रदान कर रही हैं। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नगर एवं क्षेत्र के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, शिवमहापुराण कथा, अखंड हरिकीर्तन, भजन संध्या, रात्रि जागरण एवं चार प्रहर पूजन जैसे विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की भव्य रूपरेखा तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की अपार भीड को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर समितियों द्वारा दर्शन व्यवस्था, कतार प्रणाली, जलपान, चिकित्सा सहायता एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संस्थाएँ एवं युवा मंडल सेवा भाव से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। नगर के बाजार भी शिवभक्ति के रंग में रंगे दिखाई दे रहे हैं। बेलपत्र, रुद्राक्ष, भस्म, गंगाजल, पुष्पमालाएँ, धूप-दीप और पूजन सामग्री से सजी दुकानों पर श्रद्धालुओं की निरंतर चहल-पहल बनी हुई है। खेडापति हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं पवन पारीक ने बताया कि हर ओर शिव स्तुतियों का मधुर निनाद, डमरुओं की गूंज और भक्ति गीतों की स्वर लहरियाँ वातावरण को आध्यात्मिक रस से सराबोर कर रही हैं। महाशिवरात्रि की यह पावन बेला केवल एक पर्व नहीं, अपितु आत्मशुद्धि, साधना और संयम का महोत्सव है। उपवास, रात्रि जागरण और निरंतर जप-स्मरण के माध्यम से शिवभक्त अपने अंतः करण को पवित्र कर शिवतत्त्व से एकात्म होने का संकल्प लेते हैं। मान्यता है कि इस दिव्य रात्रि में की गई उपासना से जन्म-जन्मांतर के संस्कारों का परिष्कार होता है और जीवन में सुख, शांति, समृद्धि तथा मोक्ष का पथ प्रशस्त होता है। सारंगपुर नगर एवं अंचल में व्याप्त यह शिवमय वातावरण हर जनमानस को श्रद्धा, भक्ति और सेवा की भावना से ओतप्रोत कर रहा है। यह पर्व सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक उन्नायन का अनुपम उदाहरण बनकर नगर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोडने जा रहा है।

इसी प्रकार श्री चिंता मानेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा निरंतर चल रहे विकास कार्य प्रगति पर है। समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी ने बताया कि वर्तमान में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर रंग रोगन एवं सुंदरीकरण एवं परिसर भव्यता का कार्य अत्यंत आवश्यक है श्री सोनी ने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थित शेड निर्माण, तैयार हो चुका हैं जिसका उपयोग भी किया जा रहा है। मंदिर के आकर्षण रंग रोगन हेतु ठेका दिया जाकर पुताई कार्य शुरू हो चुका है

# दो लोगों ने मिलकर तोड़फोड़ कर फोड़ी बोतले

### कमीशन मांगा और जान से मारने की दी धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



रावटी में स्थित शराब दुकान में दो लोगों ने मिलकर तोडफोड़ की। एक युवक कुल्हाड़ी लेकर दुकान में घुसा। शराब की बोतलों को फोड़ दिया। दुकान पर बैठे सैल्समेन से कमीशन पर शराब देने व हर सप्ताह शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। तोड़-फोड़ की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी मैं कैद हो गई।

घटना गुरुवार रात 9,30 बजे की है। घटना का सीसीटीवी शुक्रवार सुबह सामने आया। देर रात में ही रावटी थाना पुलिस ने तोडफोड़ और धमकाने वाले तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। दुकान के सेल्समैन विजय जायसवाल निवासी ग्राम अरंगी जिला चन्दौली (उत्तरप्रदेश) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि वह रावटी में देशी विदेशी कम्पोजीट शराब दुकान पर सेल्समेन, हेल्पर का काम करता है। गुरुवार रात दुकान के अंदर बैठ कर हिसाब किताब कर रहा था। रात ९.३० बजे बद्री डोडियार निवासी मलवासी और अर्जुन गरवाल निवासी हरथल दुकान पर आए। इस दौरान वह गाली गलौज करने लगे। अर्जुन गरवाल दुकान के अंदर आया। गाली देते हुए कहने लगा कि हमें दारु कमीशन से क्यों नही देते हो। ऐसा कहते हुए अपने हाथ में लेकर आए कुल्हाड़ी से दुकान की रेक पर रखी शराब की बोतले फोड़ दी। जिससे करीबन 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। सेल्समैन ने बताया डर के कारण मैं दुकान के अंदर से बाहर आ गया। बाहर अर्जुन का साथी बद्री डोडियार मुझे धमकाने लगा की अगर तुम लोगों ने हमको दारु कमीशन से व हर हप्ते दारु पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो तुमको जान से खत्म कर देंगे। इतने में मेरे साथ दुकान पर काम करने वाला हिरामणी पिता श्रीसंतोष कुमार निवासी मउ जिला चित्रकुट (उत्तरप्रदेश) और पास की दुकान पर काम कर रहा धुलिया दोनों आ गए। इस दौरान बद्री डोडियार और अर्जुन गरवाल का साथी मुन्नालाल मईडा व उसका एक अन्य साथी के साथ बाइक से आए।

# विधायक व नपाध्यक्ष ने 40 लाख के कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा 13 फरवरी शुक्रवार को विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में वार्ड क्रमांक 23 के स्कीम नंबर 7 स्थित कालका माता मंदिर परिसर में डोम का लोकार्पण तथा सीसी रोड व नाली निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित कर वार्ड वासियों को 40 लाख के विकास कार्यों की सौगात प्रदान की गई! कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री हेमंत हरित, सांसद प्रतिनिधि श्री आलोक मालू, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, भाजपा जिला

महामंत्री श्री धनसिंह केथवास, जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल व पार्षद श्रीमती गुंजन विष्णु राठौर मंचासीन थे!

विदित हो कि वार्ड क्र.23 में डोम निर्माण हेतु विधायक श्री परिहार द्वारा मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत शासन से 20 लाख रुपए स्वीकृत कराए गए थे तथा अन्य राशि नगर पालिका द्वारा स्वीकृत कर विद्युत व्यवस्था सहित अन्य कार्य कराए गए!

# टांडा में शावक की मौत के बाद फिर दिखा तेंदुआ

## खबर एक नजर...



### आर्यसमाज में स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**बड़नगर।** आर्य समाज में स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ देव पूजा, यज्ञ, सतसंग, भजन, वेद कथा का आयोजन रखा गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। यज्ञ में आर्यसमाज के पूर्व प्रधान बालकृष्ण पोरवाल यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। आर्यसमाज के अध्यक्ष सतीश चन्द्र ओझा भी उपस्थित रहे। यज्ञ के ब्रह्म पंडित श्री नाथुलाल शर्मा ने दयानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। यज्ञ में लोकेंद्र चांदीवाला, माणकलाल राठोड़, जमनालाल जाट, रमेश राठोड़, सरिता यादव, राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। जानकारी दीपक टेपन ने दी।

### चतुर्थी के दिन निकलेगी विशाल फाग यात्रा



**बड़नगर।** हिंदू उत्सव समिति के बैनर तले प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल राधा कृष्ण फाग यात्रा आयोजित की जाना है जो रंग पंचमी के एक दिन पूर्व दिनांक 7 मार्च शनिवार को शिवाजी रोड से निकलेगी। निकलने वाली फाग यात्रा को लेकर विगत दिवस गीता भवन में एक चयनित कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें फाग यात्रा को लेकर कार्य योजना बनाई और नगर के सभी महिला पुरुषों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया है।

### महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**सुसनेर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ. जी.सी. गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय कार्य बल के अंतर्गत तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 24 मार्च 2025 को दिए गए निर्णय के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के निराकरण एवं आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस. रवींद्र भट्ट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्य बल का गठन किया गया है। इसी क्रम में महाविद्यालय में यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में एनटीएफ नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव तथा प्रभावी प्रबंधन के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, संवाद एवं परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काशीराम प्रजापति द्वारा किया गया तथा अंत में लविश जैन ने आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही।

### वन विभाग की टीम को अनाज मंडी के आसपास सर्चिंग के लिए भेज दिया

### वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा और सड़क हादसों को रोकने के लिए यहां संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए और ठोस कदम उठाए जाए।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टांडा

क्षेत्र में बुधवार रात एक शावक की मौत के बाद अब उसी इलाके में दोबारा तेंदुआ देखा गया है। गुरुवार रात करीब 9.30 बजे अनाज मंडी के पास राहगीरों ने एक बड़े तेंदुए को सड़क पार करते देखा। तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है, जिसे देखते हुए वन विभाग ने सर्चिंग टीम तैनात कर दी है।

#### राहगीरों ने बनाया वीडियो, सुनी गुर्राहट

जानकारी के अनुसार, अनाज मंडी के पास से गुजर रहे राहगीरों को झाड़ियों में तेंदुए की गुर्राहट सुनाई दी। जब उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा तो सड़क पर एक तेंदुआ विचरण कर रहा था। राहगीरों ने तुरंत उसका वीडियो बनाया और वन विभाग को सूचित किया। बता दें कि, एक दिन पहले इसी जगह पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 9 माह के मादा शावक की मौत हो गई थी। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि जो तेंदुआ अब दिखाई दिया है, वह उसी शावक की मां (मादा तेंदुआ) हो सकती है। शावक की मौत के बाद वह अपने बच्चे की तलाश में दोबारा इसी स्थान पर पहुंची होगी। रेंज अधिकारी एचएस कनूजे ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अनाज मंडी के आसपास सर्चिंग के लिए भेज दिया गया है। विभाग अब रोजाना इलाके में गश्त करेगा।

#### हादसों का खतरा, सुरक्षा की मांग

अधिकारियों के मुताबिक, यह रास्ता जंगल से सटा हुआ है और तेंदुए अक्सर सड़क पार कर एक से दूसरे जंगल की ओर जाते हैं। रात के समय वाहनों की तेज रफ्तार के कारण जंगली जानवरों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और राहगीरों ने मांग की है कि वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा और सड़क हादसों को रोकने के लिए यहां संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए और ठोस कदम उठाए जाए।

### सारंगपुर में होटलों-रेस्टोरेंटों पर प्रशासन का जांच अभियान

सारंगपुर। सारंगपुर में स्थानीय प्रशासन ने होटलों और रेस्टोरेंटों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। राजस्व विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शहरवासियों को अवैध शराब, अवैध गैस सिलेंडर पर कार्रवाई के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। टीम ने शाम को विभिन्ना प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। दरअसल विशेष अभियान के तहत कलेक्टर राजगढ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा पान गृह एवं ढाबों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के कनक रेस्टोरेंट एवं धनगर ढाबा पर दबिश दे कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(छ) के तहत 2 प्रकरण कायम किए गए। उक्त कार्रवाई में राजस्व टीम नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया, इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नायब तहसीलदार चौहान ने बताया कि अमानक खाद्य पदार्थों की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं, जिन पर प्रशासन कार्रवाई

### सुंदर कांड एवं श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

चोली रोड स्थित निवास पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब राहुल कुमरावत (भिंडा ) मित्र मंडली के द्वारा धार्मिक आयोजनों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के सदस्य समाजसेवी राहुल कुमरावत के जन्मदिवस के पावन अवसर पर भव्य सुंदरकांड पाठ एवं श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर के श्रद्धालुओ ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन गायक कलाकार शिवम कुशवाह ( खरगोन )एवं ओ.पी. पटेल ( धामनोद) ने म्यूजिक टीम योगेश जिराती (खरगोन) के मधुर संगीत के साथ श्री गणेश वंदना से किया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। तत्पश्चात विधिवत सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया।

## शिव बारात, महारुद्राभिषेक और भजन संध्या होगी शिवरात्रि पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

15 फरवरी महाशिवरात्रि महापर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समितियों द्वारा विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने के लिए मंदिरों में सजावट एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के प्राचीन मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होंगे। प्रातःकाल महारुद्राभिषेक के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। दिन में महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठेगा। शाम को विश्राम गृह से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शिव बारात में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। मंदिर पहुंचने पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसी प्रकार पंचदेवलिया महादेव मंदिर में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 11 बजे से मंदिर क्षेत्र की परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 बजे महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकार शिव भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।

### वयोवृद्ध प्रेमनारायण सक्सेना का देवलोक गमन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में बड़ोदिया तालाब निवासी वयोवृद्ध प्रेमनारायण सक्सेना का देवलोक गमन हो गया है, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला राजगढ़ ने भगवान श्रीचित्रगुप्तजी से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में असीम शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं।

## लुट डकैती की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

### आरोपी राजेंद्र पूर्व में हसन कर्नाटक में भी चोरी कर चुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टाण्डा



पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार श्री मंयक अवस्थी* के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में फरार ईनामी बदमाशों की धर पक्कड संपति सबंधी अपराधो मे फरार आरोपीयो की तलाश हेतु निर्देश दिये गये थे दिनांक 12 फरवरी को थाना टांडा को मुखबीर द्वारा सुचना मिली कि जेतगढ घाटी कि कुछ बदमाश आने जाने वाले वाहनो की लुट पात कर डकैती की योजना बना रहे है कि सुचना पर थाना टांडा की दो अलग अलग टीम बनाकर चार से पांच बदमाश रोड किनारे झाडियों में छिपकर बैठे है व आपस में बात चीत कर कह रहे थे कि टाण्डा बाग रोड जेतगढघाटी से आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों पर पत्थर मार कर उन्हे रोक कर उनका सामान रुपयो पैसौ की लुट पाट करना है। बात चीत कर डैकैती की यौजना बना रहे है। बाद मूखबीर द्वारा बताये स्थान पहुँचकर घेराबंदी की गई जिसमे चार बदमाशो को पकडा (1) राजेन्द्र उर्फ राजेश पिता ईडु मिनावा उम्र 28 साल निवासी गुड्डा, (2) सीलिप पिता हिरला अलावा उम्र 29 साल निवासी खाडा फलिया नरवाली (3) बायसिंह पिता सुरसिंह मावी उम्र 31 साल निवासी उकाला व (4) रमेश उर्फ रमु पिता खुमसिंह मण्डलोई उम्र 45 साल निवासी आमलिया पानी ग्राम नाहवेल हाल मुकाम खाडा फलिया नरवाली व अन्य एक फरार हो गया उक्त बदमासो से पुछताछ करने पर घटना कारित करने का बताया व बदमाशो से हथियार जप्त किये गये है । उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में *थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व स्ढ्ढ रमेशचन्द नायक,- स्ढ्ढ योगेन्द्र मावी,- स्ढ्ढ रामसिह हटिला , सउनि रामदास सोलंकी ,प्रआर. 821 रामसिंह सस्तिया, प्रआर. 812 अर्जुन प्र.आर.786 किशन देवल, आर.723 सुनिल खराडे आरक्षक आर 1019 जितेन्द्र जामकर,1068 सुनिल पंवार, आरक्षक 1166 निलेश, आर.74 गोवर्धन कटारा एवं सैनिक 262 बहादुरसिंह की सराहनीय भुमिका रही है ।


### जाहिर सूचना का खण्डन

श्री संजय बंसल एडव्होकेट, सी-5, भरतपुरी, प्रशासनीक प्रक्षेत्र, आर.टी. ओ. कार्यालय के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन द्वारा एक जाहिर सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र अवंतिका में दिनांक 10-02-2026 को तहसील ग्राम खुरचन्याप्रताप तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर के सम्बंध में करवाया गया है। उक्त प्रकाशन में उक्त कृषि भूमि को श्रीमती आशा पति स्व. महेन्द्रकुमार गट्टानी, नितीशा पिता महेन्द्रकुमार गटटानी निवासीगण 27 बी, सांईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड़ उज्जैन के द्वारा श्री संजय बंसल एडव्होकेट के पक्षकार को विक्रय करने के करार तथा उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में आपत्ति हेतु 7 दिवस का समय दिये जाने का वर्णन किया गया है। वास्तविकता में श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खण्ड महिदपुर के न्यायालय में एक वाद क्रमांक आर.सी.एस.ए. 115/2022, ग्राम खुरचन्याप्रताप तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 496, 497, 795/1 रकबा कमशः 0.56, 0.69, 0.18 हैक्टयर के सम्बंध में प्रस्तुत कर यह आधार लिया था कि उक्त कृषि भूमियां पैतृक कृषि भूमियां है, तथा उक्त कृषि भूमियों में से अन्य सहखातेदारो द्वारा जो कृषि भूमियां विकय की गई है, वह बगैर विभाजन कराये विक्रय की गई है। इस कारण बगैर विभाजन कराये उक्त कृषि भूमियों में से जो विक्रय पत्र सहखातेदार के द्वारा निष्पादित किया गया है, उसे निष्पादित कराने का सहखातेदारो को अधिकार प्राप्त नही है, उक्त वाद में उक्त अभिवचन किये जाने से श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी विबंधन के सिद्धांत के आधार पर विबंधित होने से श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा श्री संजय बंसल एडव्होकेट के पक्षकार के पक्ष में कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर के सम्बंध में किया गया करार बगैर विधिवत विभाजन कराये किया गया होने से अवैध है। इस कारण उक्त अवैध करार के आधार पर कृषि भूमि का विकय या अंतरण प्रारम्भ से ही शुन्य होगा तथा उक्त कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर भूमि भी उक्त वाद में वर्णित है तथा उक्त वाद में माननीय सिवील न्यायालय द्वारा उक्त वाद के अंतिम निराकरण तक कृषि भूमि को विक्रय करने से रोके जाने हेतु स्थगन आदेश जारी किया गया है। उक्त स्थगन आदेश वर्तमान में प्रचलनशील है। उक्त सिविल न्यायालय के वाद एवं उसमें पारित स्थगन आदेश के उपरांत भी श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त सिवील वाद क्रमांक आर.सी. एस.ए. 115/2022 के अंतिम निराकरण तक उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में किया गया विक्रय या अंतरण अवैध होगा। इस कारण वास्तविक स्थिती स्पष्ट करने हेतु यह जाहिर सूचना का खण्डन मेरे पक्षकार द्वारा प्रकाशित करवाया जा रहा है तथा श्री संजय बंसल एडव्होकेट एवं श्रीमती आशा गटटानी टानी एवं नितीशा गटटानी को व्यक्तिगत रूप से मेरे द्वारा सूचना पत्र भी प्रेषित किया जा रहा है। सौ सूचित हो। इति दिनांकः- 13-02-2026

**दीपक लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल,**
**महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.न. 90093-20805**



# घूसखोर पंडत फिल्म के रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट से लगी रोक

## नाम बदलने का दिया आदेश

नेटफ्लिक्स की अगली फिल्म घूसखोर पंडत का प्रोमो आने के बाद फिल्म विवादों में घिर गई। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म के टाइटल पर इतना हंगामा मचा कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा गया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने फिल्ममेकर नीरज पांडे की फिल्म के टाइटल को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है और इस टाइटल से फिल्म के रिलीज पर रोक लगा दी।

कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी समाज के एक वर्ग को इस तरह के नाम से क्यों बदनाम किया जा रहा है? इस टाइटल से फिल्म रिलीज नहीं होगी। हाईकोर्ट से भी मेकर्स को झटका लग चुका है। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने फिल्म निमार्ता नीरज पांडे को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में स्पष्ट रूप से यह बताया जाए कि फिल्म किसी भी समाज या समुदाय के किसी वर्ग का अपमान या अवमानना नहीं करती है।

**सीबीएफसी की भूमिका पर जताई नाराजगी–** सुप्रीम कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि फिल्म की सामग्री को लेकर जो आपत्तियां सामने आई हैं, उन पर निमार्ता पक्ष को अपनी स्थिति पारदर्शी ढंग से रखनी होगी। सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की भूमिका पर भी नाराजगी जताई। जजों ने सवाल किया कि जब फिल्म को प्रमाणपत्र दिया गया, तब क्या संभावित विवादित पहलुओं पर पर्याप्त विचार किया गया था। कोर्ट की टिप्पणी से यह संकेत मिला कि वह प्रमाणन प्रक्रिया की गंभीरता और जवाबदेही को लेकर संतुष्ट नहीं है।

## धनुष संग शादी की अफवाह पर बोलीं मृणाल ठाकुर

# अफवाहें खबर नहीं होतीं मुझे प्रेग्नेंट बता दिया जाता है



सोशल मीडिया पर सब सच नहीं



साउथ स्टार धनुष के साथ शादी की अफवाहों के बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। बातचीत में मृणाल ने साफ कहा कि सोशल मीडिया और खबरों में चल रही चचाओं से अब उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन पहले इन बातों का असर होता था।

मृणाल ने कहा, यह अंदर की दुनिया है और बाहर की दुनिया का अपना एक अलग परसेप्शन होता है। कभी मुझे पता चलता है कि मेरी शादी होने वाली है, कभी सुनने को मिलता है कि यह होने वाला है, वह होने वाला है। मैं खुद इन बातों से वाकिफ नहीं होती थी। पहले इन सबसे बहुत फर्क पड़ता था, लेकिन अब मैं इन पर हंसती हूं। उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें अपनी निजी जिंदगी या किसी खास बात की जानकारी देनी होगी, तो वह खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा करेंगी। मृणाल ठाकुर ने कहा, अफवाहें खबर नहीं होतीं। एक पत्रकार के रूप में यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले मुझसे या मेरी टीम से पुष्टि की जाए। मृणाल ने बताया कि पहले उनकी कोई पीआर टीम नहीं थी, लेकिन बार-बार फैल रही गलतफहमियों और अफवाहों के कारण उन्हें पीआर टीम रखनी पड़ी।

**फिल्मों को लेकर भी फैलती हैं अफवाहें–** एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि कई फिल्मों से उनका नाम जोड़ दिया जाता है, जबकि उन्हें उन प्रोजेक्ट्स के लिए संपर्क तक नहीं किया गया होता। बाद में खबरें आती हैं कि मैंने ज्यादा फीस मांग ली, इसलिए फिल्म नहीं की। मृणाल ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा, ये बातचीत कहां हो रही है? क्यों हो रही है? किसी कलाकार की छवि खराब क्यों की जा रही है? जब कोई तथाकथित प्रामाणिक अफवाह चल रही हो, तो क्या एक बार संबंधित कलाकार से पूछ लेना जरूरी नहीं समझा जाता?

**बेबी बंप को लेकर भी बनी खबरें–** मृणाल ने वायरल खबरों और भ्रामक शीर्षकों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, अगर मैं किसी फिल्म में प्रेग्नेंट महिला का किरदार निभा रही हूं और बेबी बंप के साथ बाहर नजर आती हूं, तो क्या इसका मतलब यह है कि मैं सचमुच प्रेग्नेंट हूं? ऐसी खबरें बना दी जाती हैं। उनका कहना है कि आजकल सोशल मीडिया पर चल रही चचाएं भी खबरों की तरह प्रकाशित हो रही हैं, जो चिंता का विषय है।

**मुझे मेरे काम से जाना जाए–** मृणाल ने कहा, मैं चाहती हूं कि ध्यान मेरे काम पर हो। मैं किसी और का नाम लेकर आगे बढ़ने में विश्वास नहीं करती। यह मैं नहीं हूं। उन्होंने बातचीत के अंत में यह भी कहा कि फिल्म और किरदारों पर चर्चा होना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि सोशल मीडिया पर जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता।



# श्रेयस तलपड़े के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज

## 12 अन्य लोगों के नाम भी शामिल, आरोप-निवेश की आड़ में लाखों की ठगी की

बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और 12 अन्य सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि श्रेयस तलपड़े ने निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों की ठगी की गई है।

एएनाई की रिपोर्ट के अनुसार, 10 फरवरी को श्रेयस तलपड़े समेत अन्य के खिलाफ मैनपुरी के भोगांव थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। भोगांव के रहने वाले शिकायतकर्ता का आरोप है कि एक्टर और उनके साथियों ने निवेश का झासा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी की है। शिकायत के अनुसार, एक्टर ने भोगांव के मोहल्ला मिश्राना में मुंबई की एक बैंक ब्रांच खोलने और उसमें इन्वेस्ट करने के लिए कई गांव वालों से पैसे लिए, हालांकि बाद में सामने आया कि जिस बैंक का जिक्र किया गया था वो फर्जी है। शिकायत मिलने के बाद कोर्ट ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत में श्रेयस तलपड़े के अलावा समीर अग्रवाल, सानिया अग्रवाल, आरके शेट्टी, संजय मुदगिल, शबाब हुसैन, नरेंद्र नेगी, पंकज अग्रवाल, सुप्रिया, अनुज जैन, अजय श्रीवास्तव और अरविंद त्रिपाठी के नाम भी शामिल हैं।

## पंजाबी सिंगर के शो में सोनम बाजवा के नारे

# जी खान बोले- टाइम निकल गया, पक्की मोहर लगा नई अपडेट दूंगा, एक्ट्रेस के लिए गाना गाया





पंजाबी सिंगर जी खान अपने लाइव शो में अक्सर बॉलीवुड व पॉलीवुड अभिनेत्री सोमन बाजवा को लेकर टिप्पणियां करते रहते हैं। वो मंच से कई बार सोनम बाजवा के लिए गीत भी का चुके हैं। ऐसे में जब वो मंच पर आते हैं तो उनके फैंस सोनम-सोनम के नारे लगाना शुरू कर देते हैं।

हाल ही में सीटी यूनिवर्सिटी में हुए एक स्टेज शो के दौरान पंजाबी सिंगर जी खान जब स्टेज पर आए तो फिर से फेंस ने सोनम बाजवा का नाम लेकर चिल्लाना शुरू कर दिया। इस बार जी खान ने सोनम बाजवा की तारीफ नहीं की बल्कि कह दिया कि वो टाइम बीत गया।

सिंगर की इस बात से उनके फैंस एक बार तो साइलेंट हो गए लेकिन जब उसने कहा कि अब नई अपेडट दूंगा तो फैंस ने फिर से हूटिंग करनी शुरू कर दी। सिंगर ने आगे कहा कि इस बार तुमको जो नई अपडेट दूंगा वो पक्की मोहर लगाकर दूंगा। नहीं तो नहीं दूंगा। देखते रहो, आप लोग खुश हो जाओगे। आप कहोगे के क्या काला सा बड़ी सुंदर पटा गया।

फैंस ने उनसे फिर सोनम बाजवा के लिए गाना गाने की फरमाइश की तो जी खान ने कह दिया कि चलो सोनम बाजवा के लिए गाना गा लेते हैं। उसके बाद जी खान ने सोमन बाजवा के लिए दो गल्लां करिये गीत की ये लाइनें गाई।

**जी खान के रवैये से फैंस कन्फ्यूज–** जी खान जिस तरह से सोनम बाजवा के बारे में मंचों से टिप्पणी करते हैं उससे उनके फैंस को लगता है कि उनकी सोनम बाजवा से काफी नजदीकियां हैं। लेकिन जब सीटी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में सोनम बाजवा को लेकर कहा कि वो टाइम बीत गया। जिससे उनके फेंस कन्फ्यूज हो गए। इससे पहले सिंगर ने एक साल पहले अपने स्टेज शो के दौरान कहा था कि सोनम तो सोनम है। सोनम की तरह कौन हो सकता है। उसके जैसी मेरी एक्स भी नहीं थी। पंजाबी में कहते हैं कि मुझे अच्छी लगती है और जब मैंने कहा तो टिच्चरें करते हो।

**फैंस ने दी सोनम बाजवा के साथ पेंटिंग–** करीब 7 महीने पहले एक स्टेज शो के दौरान एक फैन ने जी खान को उनकी और सोनम बाजवा की पेंटिंग दी। पेंटिंग देकर जी खान खुश हो गए और उन्होंने कहा कि बडी सुंदर फोटो लेकर आया है। फोटो देखने के बाद खुश होकर जी खान ने कहा कि एक गाना सोनम बाजवा के लिए गाऊंगा। उन्होंने मैं किन्ना तैनू करदा हां, प्यार जदों दसांगा, इक्क पासे दिल इक्क पासे जान रखांगा, मैं किन्ना तैनू करदा हां, गीत गाया। एक स्टेज शो के दौरान जी खान ने कहा था कि मैं तो सुनने वाली चीज हूं। देखने वाली चीज तो सोनम बाजवा है। मेरी बात सुनो दस रुपए सोनम बाजवा के नाम पर।

# भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा एकतरफा नहीं रहते

## 4 मुकाबलों में आखिरी गेंद पर फैसला, अब तक नहीं बना 200+ का स्कोर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का मतलब भारत का दबदबा। आखिर जो टीम 8 में से 7 बार जीतेगी उसका पलड़ा भारी कहा ही जाएगा। भारत 7-1 से आगे है। तो फिर इस मैच की इतनी हाइप क्यों होती है? जब एक टीम इतना आगे है तो फिर यह मुकाबला रोमांचक क्यों बन जाता है?

इसकी दो वजहें हैं। एक तो यह कि दोनों देशों के संबंध हमेशा खराब रहे हैं। इसलिए दो दुश्मनों के बीच मैच का हाइप अपने आप बन जाता है। दूसरी वजह यह है कि नतीजे भले ज्यादातर भारत के पक्ष में आए हों लेकिन मुकाबले काफी नजदीकी होते रहे हैं।

स्टोरी में आगे हम टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हर मैच की संक्षिप्त कहानी जानेंगे। साथ ही यह भी समझने की कोशिश करेंगे कि इस बार कैसा खेल देखने को मिल सकता है।



- **2007 में दो बार भिड़ंत, दोनों में दर्शकों की सांसें थम गई थी-** 2007 में पहली बार टी-20 वर्ल्ड हुआ। साउथ अफ्रीका में हुए इस टूर्नामेंट में दो बार भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हुई। पहली बार लीग मैच में मुकाबला हुआ। यह टाई रहा था। भारत ने बॉल आउट में जीत हासिल की। तब सुपर ओवर नहीं होते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, भारत ने 9 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। पाकिस्तान भी दूसरी पारी में 141 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया। इसके बाद बॉल आउट हुआ। इसमें भारत की ओर से रॉबिन उथप्पा, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग ने स्टंप हिट किए। पाकिस्तान के तीन गेंदबाज निशाना चूक गए थे। इसके बाद फाइनल में भी भारत-पाकिस्तान टक्कर हुई। इस बार भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 5 विकेट पर 157 रन बनाए। पाकिस्तान टीम स्कोर के करीब पहुंची, लेकिन 19.3 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई।
- **2012 से 2022 तक चेज करने वाली टीम ही जीती-** 2012 में कोलंबो के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 19.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने विराट कोहली की फिफ्टी की मदद से 17 ओवर में ही 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। यह मैच एकतरफा साबित हुआ था।
- 2014 में मीरपुर के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान 7 विकेट पर 130 रन ही बना सका। भारत ने 18.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। यह मैच भी एकतरफा था।
- 2016 में कोलकाता के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बारिश के कारण मैच 18-18 ओवर का हुआ, पाकिस्तान ने 5 विकेट पर 118 रन बनाए। भारत ने 15.5 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया।
- 2021 में दुबई के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत 7 विकेट खोकर 151 रन ही बना सका। पाकिस्तान ने 17.5 ओवर में बगैर नुकसान के ही टारगेट हासिल कर लिया। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने रिकॉर्ड 152 रन की पार्टनरशिप कर दी।
- 2022 में मेलबर्न के मैदान पर भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 8 विकेट पर 159 रन बनाए। भारत ने 31 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए, यहां से हार्दिक पंड्या और विराट कोहली ने पारी संभाली। कोहली ने 82 रन बनाए और भारत को आखिरी बॉल तक चले मुकाबले में 4 विकेट से जीत दिला दी।
- 2024 में भी आखिरी गेंद तक चली फाइट 2024 में न्यूयॉर्क के मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत 19 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गया। भारत वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी हार की कगार पर था। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी में कमबैक कराया और पाकिस्तान को 113 रन ही बनाने दिए।
- **159 रन पहली पारी का हाईएस्ट स्कोर-** दोनों के बीच अब तक हुए 8 वर्ल्ड कप मुकाबलों में 159 रन पहली पारी का हाईएस्ट स्कोर रहा, जो पाकिस्तान ने 2022 में मेलबर्न के मैदान पर बनाया। हालांकि, भारत ने इसे चेज कर लिया था। दोनों के बीच 118 रन सबसे छोटा स्कोर रहा, जो पाकिस्तान ने 2016 में बनाया। यह मैच बारिश के कारण 18-18 ओवर का किया गया था।
- चेज करने वाली टीमों का सक्सेस रेट 75% भारत और पाकिस्तान की टीमें टी-20 इंटरनेशनल में अब तक 16 बार ही आमने-सामने हुईं। यानी इनके बीच इस फॉर्मेट में जितने मैच हुए हैं, आधे वर्ल्ड कप में खेले गए हैं। इन 16 मैचों में 13 बार भारत को जीत मिली है। पाकिस्तान सिर्फ तीन बार नतीजा अपने नाम कर पाया है।
- वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने 3 मैच पहले बैटिंग करते हुए और 4 मैच पहले बॉलिंग करते हुए जीते। पाकिस्तान को इकलौती जीत 2021 में बाद में बैटिंग करते हुए मिली थी।
- **इस बार क्या उम्मीद?** भारत और पाकिस्तान इस बार कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ने वाले हैं। दोनों टीमें यहां 2012 के वर्ल्ड कप में भी भिड़ चुकी है।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद आमिर ने अभिषेक शर्मा को स्लॉगर बताया



ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को स्लॉगर कह दिया। पाकिस्तानी चैनल पर चर्चा के दौरान आमिर ने कहा कि अभिषेक के फेल होने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि वे काफी जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने भारतीय बल्लेबाज की तकनीकी क्षमता पर भी सवाल उठाए।

8 पारियों में एक बार रन बनाता है आमिर ने पाकिस्तानी शो हारना मना है में कहा, मैंने जितना देखा है, अगर आप ईमानदारी से पूछें तो मुझे लगता है कि वह सिर्फ एक स्लॉगर है। उसे हर गेंद पर जोर से खेलना होता है। जिस दिन वह चल जाता है, सब ठीक है। वरना उसके फेल होने के मौके ज्यादा हैं। 8 पारियों में एक बार रन बनाता है। बाकी स्कोर 10, 15, 0 और 20 जैसे होते हैं। मुझे नहीं लगता कि वह तकनीकी रूप से मजबूत है। आमिर ने कहा कि अभिषेक को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है, उन्हें शरीर पर गेंदबाजी करना। अभिषेक को तब अच्छा बल्लेबाज माना जाएगा जब वह स्विंग होती गेंदों को सही तरीके से खेलना शुरू करेंगे। अभिषेक का खेल काफी जोखिम भरा आमिर ने आगे कहा, अभिषेक पिच में खड़ा रहता है और चाहता है कि सारी गेंदें एक खास एरिया में डाली जाएं। मैं यह भी कह रहा हूं कि जिस दिन वह चल जाता है, बड़ा स्कोर करेगा। वह किसी टीम को नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन उसका खेल काफी जोखिम भरा है। मैं उसे तब ही सही मायने में बल्लेबाज मानूंगा, जब हल्की सी स्विंग होती गेंद को भी वह अच्छे से खेले और उसी रफ्तार से शॉट लगाए। पेट की समस्या के चलते नहीं खेल पाए थे अभिषेक अभिषेक नामीबिया के खिलाफ पिछले मैच में पेट की समस्या के चलते नहीं खेल पाए थे, लेकिन वे अब पूरी तरह फिट होने की कोशिश कर रहे हैं।

## जिम्बाब्वे को अब तक नहीं हरा पाया ऑस्ट्रेलिया

ब्रह्मास्त्र ›› बुलावायो

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। वहीं कनाडा ने वअए को 5 विकेट से मात दी। दूसरी ओर अमेरिका ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए नीदरलैंड्स को 93 रन से हरा दिया।

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। इसके साथ ही वह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की इकलौती टीम बन गई है, जिसका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100% जीत का रिकॉर्ड है। जिम्बाब्वे ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच खेले हैं और दोनों जीते हैं।

इससे पहले 2007 में केपटाउन में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 138 रन बनाए थे। जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 139 रन बनाते हुए मैच जीत लिया था। ब्लेसिंग मुजरबानी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके साथ ही उनके टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले जिम्बाब्वे के तीसरे गेंदबाज बन गए।

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय** :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतनः**- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547







भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## सेना की बढ़ेगी ताकत

# 114 राफेल और 6 पी-8आई विमान खरीद को मंजूरी



## 3.25 लाख करोड़ रुपये का है रक्षा सौदा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 114 राफेल लड़ाकू विमानों और 6 पी-8आई समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है। 3.25 लाख करोड़ रुपये के इस सौदे से वायुसेना और नौसेना की ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

देश की सुरक्षा व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी ने एक ऐतिहासिक खरीद को मंजूरी दी है। परिषद ने भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों और नौसेना के लिए 6 पी-8आई पोसीडॉन समुद्री निगरानी विमानों की खरीद के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद योजनाओं में से एक माना जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये बताई गई है। इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है।

## चीन की बादशाहत को चुनौती देने की क्या तैयारी?

# भारत का ब्रह्मास्त्रः अमेरिका-यूरोप के शोर में गुम यह समझौता

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



भारत और चिली के बीच मुक्त व्यापार समझौते को बहुत जल्द अमलीजामा पहनाया जा सकता सकता है। जानिए क्यों यह समझौता वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत के लिए अमेरिका और यूरोप की डील से भी ज्यादा अहम साबित हो सकता है। सवाल-जवाब से समझते हैं इसके प्रमुख पहलू।

जब भी भारत के मुक्त व्यापार समझौतों या द्विपक्षीय व्यापार समझौताओं (एफटीए या बीटीए) की बात होती है, तो सुर्खियों में अक्सर अमेरिका, ब्रिटेन या यूरोपीय यूनियन ही रहते हैं। लेकिन इन बड़े समझौतों के शोर-शराबे से दूर, भारत बहुत ही खामोशी से दक्षिण अमेरिका में एक ऐसी डील को अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर रहा है, जो रणनीतिक तौर पर पश्चिमी देशों के साथ होने वाली किसी भी डील से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह समझौता है भारत और चिली के बीच।

**सवाल:** आखिर चिली के साथ यह समझौता अमेरिका या यूरोप की डील से अलग और खास क्यों है?

**जवाब:** यह समझौता 'बाजार' से ज्यादा 'भविष्य के ईंधन' के बारे में है। आज की दुनिया में लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और मोलिब्डेनम जैसे 'क्रिटिकल मिनरल्स' (महत्वपूर्ण खनिज) वही हैसियत रखते हैं, जो कभी कच्चे तेल की थी। चिली इन खनिजों का गढ़ है। उसके पास दुनिया के सबसे बड़े लिथियम और तांबे के भंडार हैं। चूंकि भारत इलेक्ट्रिक वाहनों, रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल हब बनना चाहता है, इसलिए इन खनिजों की सप्लाई चेन पर देश की पकड़ होना जरूरी है। यह समझौता भारत को न केवल चिली का एक कमर्शियल पार्टनर बनाएगा, बल्कि एक 'रणनीतिक पार्टनर' भी बनाएगा, जिससे हमारी इंडस्ट्री को कच्चे माल के लिए दूसरों (चीन) पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

**सवाल:** बातचीत कहां तक पहुंची है और क्या यह पूरी तरह नया समझौता है?

**जवाब:** बातचीत 'एडवांस्ड स्टेज' में है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में पुष्टि की है कि यह समझौता जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। दोनों देश शून्य से शुरुआत नहीं कर रहे हैं; 2006 से ही हमारे बीच एक तरजीही व्यापार समझौता है। लेकिन, अब जिस व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बात हो रही है, उसका दायरा बहुत बड़ा है। इसमें सिर्फ सामानों का आयात-निर्यात नहीं, बल्कि डिजिटल सेवाएं, निवेश और सबसे महत्वपूर्ण- क्रिटिकल मिनरल्स सेक्टर को खोला जाना शामिल है।

**सवाल:** क्या भारतीय कंपनियों ने इस डील के भरोसे अभी से वहां कदम रखने शुरू कर दिए हैं?

**जवाब:** बिल्कुल, और यह इस डील की गंभीरता को दिखाता है। डिप्लोमेसी के साथ-साथ कॉर्पोरेट एक्शन भी शुरू हो चुका हैः

**कोल इंडिया:** भारत की सरकारी कोयला कोल इंडिया ने चिली में लिथियम और तांबे के प्रोजेक्ट्स के लिए अपनी एक 100% हिस्सेदारी वाली सब्सिडियरी कंपनी बनाने को मंजूरी दे दी है।

**अदाणी समूह:** पिछले साल नवंबर में अदाणी समूह ने चिली की सरकारी माइनर कंपनी 'कोडेल्को' के साथ तांबे की परियोजनाओं के लिए समझौता किया है। ये कदम बताते हैं कि भारत सरकार और निजी क्षेत्र के खिलाड़ी दोनों ही चिली को एक लंबे समय का साझेदार मान रहे हैं।

**सवाल:** दोनों देशों के व्यापार के आंकड़े क्या कहते हैं? क्या हमें वाकई चिली की इतनी जरूरत है?

**जवाब:** दोनों देशों के व्यापार के आंकड़े साफ इशारा कर रहे हैं कि भारत को चिली के संसाधनों बहुत अधिक जरूरत है। वित्त वर्ष 2024-25 में चिली से भारत का आयात 72% बढ़कर 2.60 अरब डॉलर हो गया, जबकि वहां हमारा निर्यात घटकर 1.15 अरब डॉलर रह गया। यह भारी उछाल बताता है कि भारतीय उद्योगों वहां के कच्चे माल की सख्त जरूरत है। मुक्त व्यापार समझौता होने से भारत चिली से केवल कच्चा माल ही नहीं लाएगा, बल्कि वहां अपनी मूल्य वर्धित सेवाओं और वस्तुओं का निर्यात बढ़ाकर इस व्यापार घाटे को कम भी कर सकेगा।

**सवाल:** चिली के साथ भारत के समझौते को 'रणनीतिक बढ़त' क्यों कहा जा रहा है?

**जवाब:** क्योंकि आज सप्लाई चेन एक हथियार बन चुकी है। वैश्विक राजनीति में जिस तरह सप्लाई चेन को 'वेपनाइज' किया जा रहा है, उसे देखते हुए भारत के लिए 'रणनीतिक स्वायत्तता' बहुत जरूरी है। चिली के साथ यह समझौता भारत को एक डाइवर्सिफाइड और भरोसेमंद सप्लाई बेस देगा। जब बाकी दुनिया लिथियम के लिए संघर्ष कर रही होगी, तब भारत के पास एक सुरक्षित कॉरिडोर होगा। यही वह 'रणनीतिक बढ़त' है जो साधारण आंखों से छिप जाती है।

चिली के साथ होने वाला यह समझौता भले ही टीवी डिबेट्स का हिस्सा न बने, लेकिन यह भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'ग्रीन ट्रांजिशन' की रीढ़ साबित हो सकता है। यह डील भारत को एक आयातक देश से बदलकर एक शक्तिशाली विनिर्माण वाला देश बनाने की दिशा में दूरगामी कदम साबित होगा।

## जनवरी में

# 2.75% रही खुदरा महंगाई दर



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आम आदमी के लिए नए साल की शुरुआत में राहत भरी खबर आई है। जनवरी 2026 में खुदरा महंगाई दर 2.75% दर्ज की गई है। यह आंकड़े इसलिए खास हैं क्योंकि सरकार ने महंगाई मापने का पैमाना यानी 'बेस ईयर' बदल दिया है। अब 2012 की जगह साल 2024 को आधार मानकर महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं।

**अब नए तरीके से नापी जाएगी आपकी जेब महंगाई की मार-** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में बड़ा बदलाव किया है। सरकार का कहना है कि पिछले एक दशक में लोगों के खर्च करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है, इसलिए पुराने पैमाने को अपडेट करना जरूरी था। नए इंडेक्स का ढांचा 'घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023-24' पर आधारित है।

**महंगाई की टोकरी से वीसीआर बाहर, पेन ड्राइव और ओटीटी अंदर -** महंगाई की गणना जिस 'सामान की टोकरी' के आधार पर होती है, उसमें बड़े बदलाव किए गए हैं।

**क्या बाहर हुआ:** वीसीआर, वीसीडी/डीवीडी प्लेयर, रेडियो, टेप रिकॉर्डर, पुराने कपड़े और कैसेट्स को बाहर कर दिया गया है क्योंकि अब इनका इस्तेमाल न के बराबर होता है।

**क्या शामिल हुआ:** अब महंगाई की लिस्ट में ऑनलाइन मीडिया और स्ट्रीमिंग सर्विस (ओटीटी), पेन ड्राइव, एक्सटर्नल हार्ड डिस्क, बेबीसिटर (आया), एक्सरसाइज इक्विपमेंट और ग्रामीण आवास को जोड़ा गया है। यह बदलाव डिजिटल होती दुनिया और बदलती लाइफस्टाइल को दिखाता है। शहरों के मुकाबले गांवों में थोड़ी कम महंगाई नए आंकड़ों के मुताबिक, महंगाई अभी काबू में नजर आ रही है।

## किसान क्रेडिट कार्ड में बदलावः

# मौसम की जानकारी के लिए भी लोन

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के नियमों में बड़े बदलाव का मसौदा जारी किया है। इस पर आम लोगों से 6 मार्च तक राय मांगी गई गई है। इन मसौदा नियमों के अनुसार अब केसीसी के तहत ऋण की अवधि पांच की जगह छह वर्ष की जा सकती है। इसके अलावे, मिट्टी की जांच व मौसम से जुड़ी जानकारी जुटाने पर किया गया खर्च भी इसमें जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है। आइए जानते हैं, नए मसौदा नियमों में क्या-क्या है खास।



देश में खेती-किसानी को अत्याधुनिक बनाने और किसानों की ऋण सीमा को यथार्थवादी बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी तैयारी की है। केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्कीम में बदलाव के लिए नया मसौदा जारी किया। आरबीआई के नए मसौदा नियमों के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड सिर्फ खाद-बीज खरीदने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें मिट्टी की जांच और मौसम पूर्वानुमानों से जुड़ी रिपोर्ट का खर्चा भी शामिल रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की हालिया घोषणा के बाद केंद्रीय बैंक ने नए मसौदा नियम जारी किए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन चुकाने और फसल चक्र के नियमों में देशव्यापी एकरूपता लाने का प्रस्ताव दिया है। किसानों को बड़ी राहत देते हुए केसीसी की अवधि को बढ़ाकर छह वर्ष करने का प्रस्ताव किया गया है। इससे लंबी अवधिक की फसलों के लिए ऋण का तालमेल बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। केसीसी की वैधता अवधि फिलहाल पांच वर्ष है। फसल चक्र के बारे में भी आरबीआई मसौदा नियम में बदलाव किया गया है। शॉर्ट ड्यूरेशन फसलों के लिए 12 महीने और लॉन्ग ड्यूरेशन फसलों के लिए 18 महीने का मानक चक्र तय किया गया है।

**खेती की असल लागत पर मिलेगा पैसा -** किसानों की शिकायत रहती थी कि केसीसी के तहत बैंक से मिलने वाली लोन की रकम खेत में लगने वाली लागत से कम होती है। रिजर्व बैंक ने प्रस्तावित मसौदा नियमों में इस परेशानी को भी दूर करने की कोशिश की है। इस विसंगति को दूर करने के लिए रिजर्व बैंक ने प्रस्ताव दिया है कि इसके तहत आहरण की सीमा को फसल की 'स्केल ऑफ फाइनेंस' से सीधे तौर पर जोड़ा जाएगा। इसका मतलब है कि अब ऋण की रकम खेती की वास्तविक लागत अनुसार ही तय होगी। जिससे किसानों को पर्याप्त ऋण मिल सके।

**अब स्मार्ट खेती का खर्च भी उठाएगा बैंक -** एआई के दौर में खेती के तरीके भी बदलते जा रहे हैं। इसे देखते हुए आरबीआई ने केसीसी में भी इससे जुड़े बदलाव का प्रस्ताव दिया है। ड्राफ्ट में पहली बार तकनीकी पहलुओं से जुड़े खर्च को ऋण के दायरे में लाया गया है। अब सॉइल टेस्टिंग, रियल-टाइम मौसम की जानकारी और ऑर्गेनिक खेती के सर्टिफिकेशन का खर्च भी 'पात्र व्यय' माना जाएगा। इन खर्चों को कृषि संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए मिलने वाले 20% अतिरिक्त घटक के भीतर कवर किया जाएगा।

## कपड़ा उद्योग को वाणिज्य मंत्री का भरोसा

# भारतीय उत्पादों को भी अमेरिका में मिलेगी बिना टैरिफ एंट्री

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिका में बांग्लादेश की तरह शून्य टैरिफ के साथ प्रवेश मिलेगा। केंद्रीय मंत्री क्या कहा है, जानिए इस बारे में सबकुछ।

भारतीय कपड़ा निर्यातकों के लिए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक राहत भरा एलान किया है। उन्होंने उद्योग जगत की उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि बांग्लादेश से अमेरिका की डील के कारण भरत का कपड़ा उद्योग प्रतिस्पर्धा में पिछड़ा जाएगा। गोयल ने साफ किया है कि भारत को भी अमेरिका में बांग्लादेश जैसी ही बिना किसी टैरिफ के अपने उत्पादों (कपड़ा उत्पादों) को बेचने की सुविधा मिलेगी। वाणिज्य मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब विपक्ष और उद्योग को डर सताने लगा था कि पड़ोसी देश को मिली सुविधा से भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है।

पीयूष गोयल ने बताया कि प्रस्तावित फ्रेमवर्क के तहत, अगर भारतीय निर्माता अमेरिका से कच्चा माल (जैसे कॉटन, कपास या मैन-मेड फाइबर) खरीदते हैं और उससे तैयार कपड़ा वापस अमेरिका निर्यात करते हैं, तो उस पर 'जीरो रेसिप्रोकल टैरिफ' लगेगा। ठीक यही सुविधा अमेरिका ने 9 फरवरी को बांग्लादेश के साथ हुए समझौते में दी है। गोयल ने कहा, अभी हमारा फ्रेमवर्क एग्रीमेंट बन रहा है। जब अंतरिम समझौता फाइनल हो जाएगा, तो 'फाइन प्रिंट' में आपको यह साफ-साफ दिखाई देगा। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में आरोप लगाया था कि बांग्लादेश को भारत से बेहतर डील मिली है। इस पर बोलते हुए वाणिज्य में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी को एमएसएमई क्षेत्र और बुनकरों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि वे झूठ फैला रहे हैं। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका भारत और बांग्लादेश दोनों से सालाना लगभग 7.5 अरब डॉलर (करीब 62 हजार करोड़ रुपये) का कपड़ा आयात करता है। ऐसे में समान शर्तों का होना भारत के लिए बेहद जरूरी है।

## 95 साल के बुजुर्ग ने खुद को गोली मारीः ग्वालियर में कुर्सी पर बैठकर राइफल पेट पर टिकाई और दबा दिया ट्रिगर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में 95 साल के बुजुर्ग ने लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के नेहरू कॉलोनी में शुक्रवार रात की है। गोली पेट में लगकर पीठ से आर-पार निकल गई। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बुजुर्ग दम तोड़ चुके थे।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला है। बुजुर्ग पारिवारिक क्लेश से तंग आ चुके थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के 80-अ नेहरू कॉलोनी निवासी रामाधार (95) पुत्र मंगाराम गुप्ता डेयरी संचालक थे।

पीएनटी कॉलोनी में उनकी दूध डेयरी है। वर्तमान में डेयरी को उनके बेटे सुरेश चंद्र गुप्ता संचालित करते हैं। शुक्रवार रात वह अपने कमरे में थे और परिवार के लोग अपने-अपने काम में लगे थे। तभी अचानक कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे तो अंदर रामाधार खून से लथपथ पड़े थे।

पास ही उनकी बारह बोर की लाइसेंसी राइफल पड़ी हुई थी। परिजन ने नब्ज टटोलकर देखा तो नहीं चल रही थी। फौरन उन्होंने इसकी जानकारी बेटे सुरेश चंद्र को दी। सुरेश चंद्र गुप्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

गोली पेट में लगकर आर-पार निकल गई पुलिस जांच में पता चला है कि बुजुर्ग ने कुर्सी पर बैठकर जमीन पर राइफल टिकाई और पेट पर उसकी नाली रख कर ट्रिगर दबाया था। जिससे गोली उनके पेट में लगकर आर-पार निकल गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर मॉर्चुरी भिजवा दिया है। पुलिसने फोरेंसिक जांच भी कराई है। पारिवारिक कलह की वजह से जान दे दी बताया गया है कि मृतक ने आत्महत्या करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसे पुलिस अफसरों ने निगरानी में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में बुजुर्ग ने घर में पारिवारिक कलह के कारण परेशान होने की बात लिखी है।

## वैलेंटाइन डे आज- संगठनों ने जताया विरोधःहिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया दंड पूजन;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

वैलेंटाइन डे को लेकर राजधानी भोपाल में एक बार फिर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव का विरोध करते हुए सख्त रुख अपनाया है। वहीं संस्कृति बचाओ मंच ने शहरभर में 15 निगरानी दस्ते गठित कर होटल, मॉल और पार्कों पर नजर रखने की घोषणा की है। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को हिंदू परिषद और बजरंग दल ने ह्रदंड पूजनह्र कर विरोध दर्ज कराया। संगठन के प्रांत मंत्री राकेश प्रजापति ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रेम मर्यादा और सम्मान से जुड़ा है, लेकिन पश्चिमी प्रभाव में सार्वजनिक अश्लीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

जिसे भोपाल में किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन सच्चे प्रेम या पारिवारिक मूल्यों के खिलाफ नहीं, बल्कि सार्वजनिक मर्यादा भंग करने वालों के विरोध में हैं। संगठनों ने ऐलान किया है कि 14 फरवरी को राष्ट्रीय बजरंग दल की करीब एक दर्जन टीमें शहर के प्रमुख पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में तैनात रहेंगी। किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि पर सार्वजनिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। उधर, संस्कृति बचाओ मंच ने होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि वैलेंटाइन डे पर विशेष आयोजन न करें। मंच पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार देश की पहचान हैं। युवाओं से अपील की गई है कि वे वैलेंटाइन डे के बजाय अगले दिन पड़ने वाली महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करें।

# मध्यप्रदेस और छत्तीसगढ़ में दिन में गर्मी, तापमान 30° पारः राजस्थान में फिर बारिश

## छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30त्न के पार हो चुका है।

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30त्न के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2त्न और प्रयागराज में 30.4त्न दर्ज किया गया।

छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया। राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को हल्के बादल छाने से न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई।

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में कड़ाके की ठंड का असर साफ दिख रहा है। प्रदेश के सात शहरों का न्यूनतम तापमान -10त्न से नीचे है। मुनस्यारी में सबसे कम पारा -26त्न, गंगोत्री में -21त्न और बद्रीनाथ में -19त्न दर्ज किया गया।

झारखंड में पिछले 24 घंटों में चार जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड किया गया। इसमें डाल्टेनगंज, खूंटी, लोहरदगा और गुमला शामिल है। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अभी हल्की बर्फबारी का दौर चल रहा है। कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जमी है, इसके कारण यह अभी भी बंद है।

# कांग्रेस ने मजबूरी में सुधार किएः हम मजबूत इरादों से रिफॉर्म कर रहे- मोदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ का नया इंजन बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की कुल आर्थिक बढ़त (ग्रोथ) में भारत का हिस्सा 16% है। आने वाले समय में भारत का योगदान और बढ़ेगा। दुनिया अब एक नई व्यवस्था की ओर बढ़ रही है।

मोदी ने कहा कि 26/11 के आतंकी हमले के बाद कांग्रेस सरकार की पोल खुल गई थी और उसके बाद ही ठक्ख बनी थी। जब पावर सेक्टर डूब गया तो कांग्रेस उस सेक्टर में सुधारों के बारे में सोचने पर मजबूर हुई। एक लंबी लिस्ट है जो हमें याद दिलाती है कि मजबूरी में किए गए सुधारों से सही नतीजे नहीं मिलते, न ही वे देश के लिए चाहे गए नतीजे देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मजबूरी में नहीं, बल्कि मजबूत इरादों के साथ सुधार (रिफॉर्म) कर रही है। दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम ने कहा कि कई कठिनाइयों के बावजूद यह दशक भारत के लिए बहुत ज्यादा विकास वाला रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने काम को अच्छे से पूरा किया है और इससे देश का लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जो वैश्विक आर्थिक सिस्टम बना था, वह सब देशों पर एक ही तरह से लागू होने वाला मॉडल था। उस समय यह माना जाता था कि दुनिया की अर्थव्यवस्था एक ही केंद्र के आसपास चलेगी और बाकी देश सिर्फ योगदान देने वाले होंगे। लेकिन अब इस सोच को चुनौती मिल रही है। 21वीं सदी में भारत तेजी से सुधारों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि ये सुधार मजबूरी में नहीं, बल्कि मजबूत इरादों और प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे हैं। सरकार ने केंद्रीय बजट को सिर्फ खर्च पर नहीं, बल्कि उसके नतीजों पर भी ध्यान देने वाला बनाया है। यानी पैसा कहाँ खर्च हो रहा है और उसका क्या परिणाम निकल रहा है, इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दस साल में दुनिया ने महामारी, तनाव, युद्ध और सप्लाई चेन जैसी कई समस्याएं देखीं। आमतौर पर किसी देश की असली ताकत संकट के समय ही सामने आती है।

# 'चाबियां बनवा लो' की आवाज लगाकर घर में घुसेः ग्वालियर में लॉकर से गहने साफ

### सरदारों का भेष बनाकर दिनदहाड़े वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में अलमारी की चाबी बनाने बुलाए दो कारीगर चाबी तो बना गए, लेकिन इस दौरान अलमारी से सोने-चांदी के गहने समेट ले गए। वारदात शुक्रवार को गली नंबर-6, हेमसिंह की परेड, माधौगंज में हुई। चोर सरदारों का हुलिया बनाकर आए थे। वे गली में ह्लचाबी बनवा लोह्व की आवाज लगाते हुए निकल रहे थे।

इस पर व्यापारी की पत्नी ने अलमारी की चाबी बनाने के लिए उन्हें बुलाया। वारदात की सूचना मिलते ही माधौगंज थाना पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास छानबीन करने पर पुलिस को एक सीसीटीवी कैमरे में आरोपी नजर आए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। शहर के माधौगंज, हेमसिंह की परेड, गली नंबर छह निवासी पदमचंद जैन व्यापारी हैं। काफी समय से उनकी अलमारी का लॉक खराब हो गया था और वे उसे ठीक कराने की सोच रहे थे। शुक्रवार को दो सरदार पैदल चाबियों का गुच्छा लेकर निकले और आवाज लगा रहे थे, ह्लचाबियां बनवा लोह्व इस पर पदमचंद जैन की पत्नी ने उन्हें रोका।

## हाईवे पर फाइटर जेट्स की लैंडिंग देखेंगे,

# पीएम मोदी का असम दौराः 5,450 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे की शुरूआत वे डिब्रूगढ़ के पास मोरान बाइपास स्थित इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी से करेंगे, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपनी तरह की पहली सुविधा है।

प्रधानमंत्री को लेकर विमान इसी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरेगा। पीएम की मौजूदगी में इसी लैंडिंग फैसिलिटी पर राफेल और सुखोई एक स्पेशल एरियल डेमो करेंगे। इसमें विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ दिखाएंगे। डेमो करीब 30-40 मिनट का होगा। पिछले तीन महीने में पीएम मोदी का यह तीसरा असम दौरा है। राज्य में आगामी कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। असम में 2016 से लगातार दो बार ठऊ्न की सरकार बनती आ रही है। इससे पहले 2001ह्र2016 तक कांग्रेस की सरकार थी। असम में बनी पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी मोरान एयरस्ट्रिप ठऌ-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। युद्ध या आपात स्थिति में विमान हाईवे पर उतर या उड़ान भर सकते हैं। इससे सड़क का दोहरा फायदा होता है। रोजमर्रा की ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए। यह एयरस्ट्रिप पूर्वोत्तर की रणनीतिक महत्व को बढ़ाती है, क्योंकि यह क्षेत्र चीन की सीमा से सटा है। करीब 3,030 करोड़ की लागत से बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु पूर्वोत्तर का पहला छह-लेन एक्स्ट्राडोज्ड प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट पुल है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बना 1.24 किमी लंबा यह पुल गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी को जोड़ेगा है। इसके शुरू होने से दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा समय घटकर लगभग सात मिनट रह जाएगा। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए पुल में बेस आइसोलेशन तकनीक और हाई-परफॉर्मेंस स्टे केबल्स का उपयोग किया गया है।

### न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला, निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा;

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई।

अठककी रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। FBI के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया।

अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ निक ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है।

गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने 1 जुलाई 2020 को UAPA के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है।




### निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया

पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था।

अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था। यह आरोप मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में दाखिल इंडिक्टमेंट में लगाया गया था। उस कर्मचारी को आरोपपत्र में उउ-1 कहा गया है

मई 2023: अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर के मुताबिक एक भारतीय अधिकारी (विकास यादव) ने निखिल गुप्ता को हायर किया।

29 मई: निखिल गुप्ता ने किसी ऐसे शख्स की तलाश शुरू की जो पन्नू को मार सके। हालांकि, जिसे पन्नू को मारने के लिए हायर किया गया वो अमेरिका का अंडर कवर एजेंट निकला। कुछ हफ्तों तक निखिल गुप्ता ने इस अंडर कवर एजेंट से पन्नू को मारने के तरीके और कीमत पर चर्चा की।

9 जून: गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए हायर किए गए हिटमैन को एक शख्स के जरिए 15 हजार डॉलर (12 लाख 49 हजार रुपए) का कैश भिजवाया। ये हत्या के लिए एडवांस पेमेंट था। पूरी डील 1 लाख डॉलर (84 लाख रुपए) में हुई थी।

11 जून: भारतीय अधिकारी ने गुप्ता को कहा कि पन्नू को अभी नहीं मरवा सकते हैं। दरअसल, जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे। गुप्ता ने भी फोन पर कहा था कि 10 दिनों तक कुछ नहीं किया जा सकता है, नहीं तो प्रदर्शन शुरू हुए जाएंगे।

### 2023 में दिल्ली से गिरफ्तार हुआ था विकास

अमेरिका में वांटेड विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने 18 दिसंबर 2023 को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ दिल्ली के एक बिजनेसमैन ने हत्या के प्रयास और किडनैपिंग का केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने विकास और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था।

व्यापारी ने विकास और गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के संबंधों के बारे में भी बताया था। इस मामले में विकास को अप्रैल 2024 में जमानत मिल चुकी है। अमेरिका की खुफिया एजेंसी ऋइकने उउ1 को विकास यादव बताया था। उनकी भारतीय सेना की वर्दी में फोटो भी जारी की गई थी। ऋइकका कहना है कि विकास भारतीय इंटेलिजेंस एजेंसी फअह से जुड़े थे। विकास पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप भी लगाए गए। भारतीय विदेश मंत्रालय ने 17 अक्टूबर 2024 को कहा था कि अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपपत्र में जिस व्यक्ति का नाम आया है, वह अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। गुरपतवंत सिंह पन्नू मूलरूप से पंजाब के खानकोट का रहने वाला है। वो फिलहाल अमेरिका में रहता है और सिख फॉर जस्टिस नाम का संगठन चलाता है। उसके पास अमेरिका और कनाडा दोनों देशों की नागरिकता है। भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी वअढअ के तहत पन्नू के संगठन रत्रङ्ख पर बैन लगाया। सिखों के लिए रेफरेंडम की आड़ में रत्रङ्ख पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा था।



## अमेरिकी सेना का कैरेबियन सागर में एक और बोट पर हमला, 3 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में ड्रग तस्करी के आरोप में शुक्रवार को एक और नाव पर हमला किया है। इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी सदर्न कमांड के मुताबिक नाव कथित तौर पर ड्रग तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रही थी। यह हमला किया गया।

अमेरिकी सदर्न कमांड ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह नाव कैरेबियन में ह्यनार्को-ट्रैफिकिंग रूटह्न पर चल रही थी और ड्रग तस्करी में शामिल थी। कमांड ने बताया कि हमले में नाव सवार तीन लोग मारे गए। पोस्ट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया गया है। वीडियो में एक नाव पानी में चलते हुए दिखती है, जिसके बाद वह धमाके के साथ आग की लपटों में घिर जाती है। यह हमला ट्रम्प प्रशासन की उस कार्रवाई का हिस्सा है, जिसमें कथित ड्रग तस्करी में शामिल नावों को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले साल सितंबर से अब तक कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में कम से कम 38 हमले किए गए हैं। इन हमलों में अब तक कुल 133 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्षेत्र के कुछ बड़े कार्टेल ड्रग तस्करों ने हाल की सैन्य कार्रवाइयों के कारण अनिश्चितकाल के लिए नशीले पदार्थों का कारोबार बंद करने का फैसला किया है। हालांकि, हेगसेथ ने अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर किए गए इस दावे के समर्थन में कोई सबूत शेयर नहीं किया। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका के ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है। उन्होंने इन हमलों को ड्रग्स की सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया है।

### भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग 5 पायदान सुधरी: 56 देशों में वीजा फ्री एंट्री

भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरूआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं।

भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (कअळअ) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फिलिस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं।

### 2006 में भारत सबसे अच्छे रैंक पर था

नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल लो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरूआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं।

### बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक इठढ+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं।

जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद इठढ की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ इठढ अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे।

# कनफर्म हुआ- इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम बोले- प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› कराची

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई।

जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डॉक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग



15% रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डॉक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डॉक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डॉक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी।


रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है।

उनके बेटों कासिम और सुलेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया।

रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन नाम की बीमारी पाई गई है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | वी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | श्री. | म्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सौ | श्री. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | व | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# अमेरिका का दूसरा जंगी बेड़ा मिडिल ईस्ट रवाना
# यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर

**अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर वरर जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रॉयटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है। अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं।**

**जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं।**

**अमेरिका का वरर जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है।**

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था

अमेरिका का वरर जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है।

पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट और ई-2 हॉकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं।

इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है।



### मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहा USS जेराल्ड आर.फोर्ड




| लंबाई | चौड़ाई | स्पीड |
|---|---|---|
| 337 मीटर (1,106 फीट) | 78 मीटर (256 फीट) | 56 km/h से ज्यादा |

**वजन** 1 लाख टन

**क्षमता:** 90 विमान तक ले जा सकता है

### खासियत

- न्यूक्लियर-पावर्ड वॉरशिप है।
- क्रू साइज छोटी होने से 50 साल में करीब 4 बिलियन डॉलर की बचत।
- न्यूक्लियर पावर से सालों तक बिना रिफ्यूलिंग चल सकता है।
- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड आर.फोर्ड के नाम पर रखा गया।

### USS अब्राहम लिंकन

**1988** NNS कंपनी ने बनाया | **1989** अमेरिका सेना में शामिल

**कीमत:** लगभग ₹57,000 करोड़ (2024 में)



| लंबाई | चौड़ाई | वजन | स्पीड |
|---|---|---|---|
| 333 मीटर | 76.8 मीटर | 1 लाख टन से ज्यादा | 56-60 किमी प्रति घंटा |

**अमेरिका के 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 3' का हिस्सा**

| | | |
|---|---|---|
| न्यूक्लियर पावर्ड वॉरशिप है | 25-30 सालों तक री-फ्यूलिंग की जरूरत नहीं | 75-80 एयरक्राफ्ट ले जा सकता है |

हवाई, समुद्री और जमीनी तीनों ठिकानों को निशाना बनाने में सक्षम

*सोर्स - एयरपैक (अमेरिका)*

### ट्रम्प बोले-ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात

ट्रम्प ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना का खुलकर जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अगर तेहरान में सत्ता बदलती है तो ह्ययह सबसे अच्छी बात होगीह्व। नॉर्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मिलने के बाद ट्रम्प ने पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या अमेरिका ईरान की इस्लामिक धार्मिक नेतृत्व को हटाने के लिए दबाव बनाएगा। इस पर ट्रम्प ने कहा, ऐसा लगता है कि यही सबसे अच्छा हो सकता है ह्व उन्होंने कहा कि ईरान का धार्मिक शासन 47 साल से सिर्फ बात कर रहा है।

### अमेरिका ने ईरान के आगे 4 शर्तें रखी

ट्रम्प ने फरवरी की शुरूआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा, ह्यईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है ह्व

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी कई बार संपर्क कर चुके हैं और वे डील करना चाहते हैं। ट्रम्प का मानना है कि ईरान बात करने के लिए उत्सुक है।

एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है। अगर ईरान संपर्क करता है और शर्तें मानता है तो बात होगी। इस महीने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने समझौते के लिए शर्तें बताई हैं-

### ईरान बोला था- डराकर हमसे कुछ नहीं करवा सकते

अमेरिका के यूरेनियम इनरिचमेंट रोकने की मांग का जवाब देते हुए ईरान ने 8 फरवरी को कहा था कि वह प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था- ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है।

उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी।

उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा।

### अरब सागर में वरर अब्राहम लिंकन पहले से तैनात

अमेरिकी जंगी जहाज वरर अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड की जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का उ 37-इ एयरक्राफ्ट भी ईरान पहुंच गया है।

■ वर्ष-12 अंक-103 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 14 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

**भावार्थ** : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।

## सम्पादकीयम्

### ट्रम्पस्य शुल्ककार्यक्रमः

ट्रम्पस्य शुल्ककार्यक्रमः, रूसस्य नाम्ना भारतं चीनं च आक्रमयन् तस्य असफलतां व्याप्तुम् प्रयतते। रूसदेशात् तैलं क्रीणन्तेषु देशेषु ५००% शुल्कं आरोपयितुं डोनाल्ड ट्रम्पस्य नूतनः प्रस्तावः अन्तर्राष्ट्रीयनियमानाम् उल्लङ्घनं करोति। अमेरिकादेशस्य एतत् कदमः भारतं, चीनं, ब्राजील् इत्यादीन् देशान् लक्ष्यं करोति, यस्य उद्देश्यं भवति यत् रूसः युक्रेन-युद्धाय संसाधनानाम् संग्रहणं न करोति इति। वेनेजुएला-ग्रीनलैण्ड्-देशयोः उलझितः डोनाल्ड ट्रम्पस्य शुल्क-गाथा समाप्तः न अस्ति। तस्य नूतनं प्रस्तावितं विधेयकं तस्मादपि एकपक्षीयं, मनमाना, अन्तर्राष्ट्रीयनियमविरुद्धं च अस्ति। एतेन अमेरिकीराष्ट्रपतिः अन्यदेशेषु दबावं दातुं शक्तिं प्राप्स्यति इति वक्तुं स्वस्य सर्वकारस्य कोऽपि संकोचः नास्ति। अन्येषां उपरि व्यापारः। नूतनविधेयकस्य अनुसारं रूसदेशात् तैलं क्रीणन्तेषु देशेषु ५००% शुल्कं आरोपयितुं शक्यते। आगामिसप्ताहे अस्मिन् विधेयकस्य विषये मतदानं भविष्यति। अमेरिकादेशः मुख्यतया भारतं, चीनं, ब्राजील् च लक्ष्यं करोति। तस्य बहानानि तदेव पुरातनम् अस्ति यत् रूसदेशः एतेभ्यः देशेभ्यः तैलं विक्रीय युक्रेनयुद्धस्य संसाधनं संग्रहयति। परन्तु वास्तविकता एषा यत् युद्धनिवारणार्थं अमेरिका-यूरोपयोः सर्वे प्रयत्नाः अपर्याप्ताः सिद्धाः, परन्तु वाशिङ्गटन-देशः तस्याः असफलतायाः दोषं अन्येषां कृते दातुम् इच्छति। रूसदेशे कोऽपि प्रभावः नास्ति। गतमासे अमेरिकादेशः उत्साहेन युक्रेन-रूस-यूरोप-देशयोः प्रतिनिधिभिः सह फ्लोरिडा-नगरे पृथक पृथक सभाः आयोजितवान्।

## निसान ग्रेविटेट् ७-सीटर एमपीवी मूल्यानि प्रकाशितानि

# बजट-प्रीमियम-खण्डे हलचलं जनयिष्यति




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतीयवाहनविपण्ये बहुप्रतीक्षितस्य निसानग्रेविटेट् एमपीवी इत्यस्य विषये एकः प्रमुखः अद्यतनः उद्भूतः अस्ति। कम्पनी अस्य नूतनस्य ७-सीटर-कारस्य आधिकारिक-प्रक्षेपणात् पूर्वं पूर्ण-मूल्यं प्रकाशितवती, येन पारिवारिक-कार-विभागे स्पर्धा अधिका तीव्रा भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति निसानस्य नूतनं एमपीवी २०२६ तमस्य वर्षस्य फरवरी-मासस्य १७ दिनाङ्के प्रारम्भं कर्तुं निश्चितम् अस्ति, यस्य प्रारम्भिकमूल्यं ६.८० लक्षं भवति, यदा तु शीर्ष-रूपान्तरस्य मूल्यं १२.८५ लक्षं यावत् भविष्यति। कम्पनी कुल ११ भिन्नरूपेण अस्य प्रारम्भस्य योजनां कृतवती अस्ति, यस्य उद्देश्यं बजटक्रेतृभ्यः आरभ्य प्रीमियमक्रेतृभ्यः यावत् सवेषां कृते आकर्षकं भवति।

भारतीयपरिवारानाम् आवश्यकतां मनसि कृत्वा निसान ग्रेविटेट् इत्यस्य विशेषरूपेण डिजाइनं कृतम् अस्ति। कम्पनी दावान् करोति यत् एतत् कारं उन्नतस्थानं, उन्नतविशेषताः, शक्तिशालिनः इञ्जिनविकल्पाः च प्रदास्यति। आधाररूपान्तरे १.० लीटर प्राकृतिकरूपेण आस्पिरेड् पेट्रोल इञ्जिन् अस्ति तथा च विसिया, एसेन्टा, एन-कनेक्टा, टेक्ना च ट्रिम्स् इत्यत्र उपलभ्यते। बेस मॉडल विसिया इत्यस्य मूल्यं 6.80 लक्षं यावत् मैनुअल् ट्रांसमिशन् इत्यनेन सह उपलभ्यते, एएमटी इत्यनेन सह ईजेड्-शिफ्ट् वेरियन्ट् इत्यस्य मूल्यं 7.30 लक्षं मूल्येन भविष्यति।

मध्य-परिधि-रूपान्तराणि ग्राहकानाम् अधिकानि प्रौद्योगिकी-विशेषतानि, उत्तम-वाहनचालन-अनुभवं च प्रदातुं विनिर्मिताः सन्ति। एन-कनेक्टा-रूपान्तरस्य मूल्यं 8.70 लक्षतः 9.20 लक्षपर्यन्तं भवति। अस्मिन् प्रकारे ८ इञ्च् टचस्क्रीन् इन्फोटेन्मेण्ट् सिस्टम्, डिजिटल इन्स्ट्रुमेण्ट् क्लस्टर, अनेकाः आधुनिकविशेषताः च सन्ति। 9.50 लक्षतः 9.95 लक्षपर्यन्तं उपलब्धं मानकं रूपं उन्नतप्रौद्योगिकीम्, वर्धितानि आरामविशेषतानि च प्रदास्यति इति अपेक्षा अस्ति। अस्य एमपीवी इत्यस्य प्रीमियमरूपान्तरेषु अधिकं शक्तिशाली इञ्जिनं उच्चस्तरीयविशेषता च दृश्यते। शीर्ष-स्पेक टेकना तथा टेक्ना प्लस् वेरिएण्ट् एचआरए० १.०-लीटर टर्बो पेट्रोल इञ्जिन् इत्यनेन चालितं भविष्यति, यत् दीर्घदूरपर्यन्तं उच्चप्रदर्शनयुक्तानि च वाहनानि इच्छन्तीनां ग्राहकानाम् कृते डिजाइनं कृतम् अस्ति टेक्ना टर्बो सीवीटी वेरियन्ट् इत्यस्य मूल्यं ११.५५ लक्षं भवति, यदा तु महत्तमं टेकना प्लस सीवीटी वेरियन्ट् १२.८५ लक्षं मूल्ये उपलभ्यते।

## राष्ट्रियराजमार्गस्य

# समानदरेण शुल्कं गृहीतं भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

राष्ट्रियराजमार्गस्य समानदरेण शुल्कं गृहीतं भविष्यति। अस्य निर्णयस्य उद्देश्यं यात्रिकाणां कृते राहतं दातुं, द्रुतमार्गस्य आंशिकरूपेण उद्घाटितखण्डेषु यातायातस्य प्रवाहस्य प्रवर्धनं च अस्ति। एतेन प्राचीन-जनसङ्ख्यायुक्तेषु राष्ट्रियराजमार्गेषु दबावः न्यूनीकरिष्यते, यातायातस्य प्रवाहः च सुदृढः भविष्यति इति सर्वकारस्य मतम्।

देशे द्रुतगत्या विकसितस्य द्रुतमार्गजालस्य कारणात् अनेकानि परियोजनानि चरणबद्धरूपेण आज्ञाप्यन्ते इति विशेषज्ञाः वदन्ति। प्रायः द्रुतमार्गस्य बृहत भागः सम्पन्नः भवति, अवशिष्टं निर्माणकार्यं निरन्तरं भवति। पूर्वं यात्रिकाणां अपूर्णेषु द्रुतमार्गेषु अपि अधिकं शुल्कं दातव्यम् आसीत्, येन प्रायः जनाः प्राचीनमार्गान् चिन्वन्ति स्म। नूतननियमेन जनाः द्रुतमार्गस्य उपयोगं कर्तुं प्रोत्साहयिष्यन्ति।

एतत सर्वकारीयं कदमम् रसदक्षेत्रस्य कृते अपि महत्त्वपूर्णं मन्यते। परिवहन-उद्योगे ये सन्ति ते वदन्ति यत् शुल्क-दराः न्यूनाः भवन्ति चेत् मालवाहन-परिवहन-व्ययः न्यूनीकरिष्यते, व्यापारः, आपूर्ति-शृङ्खला च वर्धते। द्रुतमार्गेषु ट्रकानाम्, मालवाहनानां च वर्धनेन समयस्य रक्षणं भविष्यति, ईंधनस्य उपभोगः च न्यूनीभवति। अनेन प्रदूषणस्य न्यूनीकरणं अपि भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

मार्गपरिवहनमन्त्रालयेन अपि उक्तं यत एषः संशोधितः नियमः सीमितकालपर्यन्तं प्रवर्तते। कार्यान्वयनदिनात् अधिकतमं एकवर्षं यावत, अथवा द्रुतमार्गः पूर्णतया कार्यं न भवति तावत् यावत् प्रवर्तते। अस्य अर्थः अस्ति यत् एकदा तत्तत् द्रुतमार्गः पूर्णतया कार्यं करोति तदा शुल्कदराणि द्रुतमार्गस्य मानकं प्रति पुनः आगमिष्यन्ति।

## नवरेज् मित्रैः सह घटनास्थलं प्राप्तमात्रेण तत्र पूर्वमेव उपस्थितस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

नवरेज मित्रैः सह घटनास्थलं प्राप्तमात्रेण तत्र पूर्वमेव उपस्थितस्य विपक्षसमूहस्य बालकाः सहसा तस्य उपरि आक्रमणं कृतवन्तः। पुलिसस्य मते आक्रमणकारिणः नवरेज इत्यत्र बहुवारं यष्टिभिः, छूरेण च आक्रमणं कृतवन्तः। आक्रमणकाले अन्ये अपि कतिपये छात्राः घटनास्थले उपस्थिताः आसन्। आक्रमणानन्तरं घटनास्थले अराजकता उत्पन्ना, आक्रमणकारिणः पलायिताः च। गम्भीररूपेण घातितः नवरेजसिंहः तत्क्षणमेव चिकित्सालयं प्रेषितः, परन्तु चिकित्सायाम् एव तस्य मृत्युः अभवत्। अस्याः घटनायाः कारणात् परिवारः शोकं कृतवान्, ग्रामः अतीव दुःखितः अस्ति। मृतस्य छात्रस्य पितुः खरकानग्रामनिवासी मंगलसिंहस्य शिकायतया आधारेण पुलिसेन प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : ऑफिस में आपकी मेहनत और ईमानदारी की तारीफ हो सकती है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**वृषभ** : नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में सम्मान मिलेगा। व्यापारियों को छोटी-छोटी डील से भी अच्छा फायदा मिल सकता है।

**मिथुन** : इंटरव्यू या नई स्किल सीखने वालों को सफलता मिल सकती है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात फायदेमंद साबित हो सकती है।

**कर्क** : आज थोड़ा सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। विवाद से दूर रहें। पैसों के मामलों में सावधानी रखें।

**सिंह** : आज रिश्ते और साझेदारी आपके लिए खास रहेंगे। क्लाइंट या पार्टनर का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : ऑफिस में आपकी समझदारी और अनुभव की सराहना होगी। परिवार में शांति बनी रहेगी।

**तुला** : ऑफिस में आपका काम समय पर पूरा होगा और लोग आपकी तारीफ करेंगे। विरोधी भी शांत रहेंगे।

**वृश्चिक** : करियर में नए मौके या प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। अगर कुछ नया शुरू करना चाहते हैं तो समय अच्छा है।

**धनु** : प्रेम जीवन में मिठास बढ़ेगी और साथी के साथ अच्छे पल बिताने का मौका मिलेगा। परिवार से कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर** : करियर थोड़ा धीमा लगेगा, सब धीरे-धीरे ठीक होगा। संपत्ति या घर से जुड़ा कोई फैसला लेना पड़ सकता है।

**कुंभ** : मार्केटिंग, सेल्स या कम्युनिकेशन से जुड़े लोगों को अच्छे मौके मिल सकते हैं। छोटी यात्रा लाभकारी हो सकती है।

**मीन** : मन अकेले में सोचने या भविष्य की योजना बनाने का करेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट पर ध्यान दें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 28 फरवरी को होगी 6 बड़े ग्रहों की परेड, इन राशि वालों की चमक उठेगी किस्मत

ग्रहों के इस दुर्लभ संयोग का खास प्रभाव इन 3 राशि वालों पर दिखाई देगा। आपका भाग्य चमक सकता है और सभी कार्यों में अच्छे व मनचाहे परिणाम हासिल हो सकते हैं।

फरवरी 2026 ज्योतिष दृष्टि से बेहद विशेष मानी जा रही है, क्योंकि इस माह आकाश में ग्रहों की एक दुर्लभ स्थिति बनने वाली है। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार, 28 फरवरी 2026, शनिवार को सूर्यास्त के बाद पश्चिमी या दक्षिण-पश्चिमी क्षितिज पर कई ग्रह एक सीध में नजर आने वाले हैं। इन ग्रहों में मुख्य रूप से राजकुमार बुध, वैभव शुक्र, न्याय के दाता शनि, देवगुरु बृहस्पति के साथ यूरेनस और नेप्च्यून ग्रहों का नाम शामिल है। ज्योतिष के अनुसार, यह दुर्लभ प्लैनेटरी अलाइनमेंट मार्च तक चलने वाला है। परंतु 28 फरवरी 2026 को यह अधिक प्रभावशाली होगी। मान्यता है कि, एक



साथ कई ग्रहों के सक्रिय होने से कुछ राशि वालों के जीवन में नई ऊर्जा, कार्यक्षेत्र में परिवर्तन व काम को लेकर निर्णय बेहतर होंगे। साथ ही कई अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** ग्रहों की कतार मेष राशि वालों के लिए लाभ के नए द्वार खुलेंगे। आपको नई नौकरी या व्यापार में हिस्सेदारी प्राप्त होगी। मेष राशि वालों के धन कमाने के अवसर बढ़ेंगे और करियर में नई नौकरी या बेहतर ऑफर मिलने की संभावना बनेगी। इस समय आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और रुके हुए काम गति पकड़ सकते हैं। किसी नए काम को करने की ऊर्जा बढ़ेगी और कई परिवर्तन जीवन में महसूस होंगे। शुक्र-चंद्र की युति से इन तीन राशि वालों को होगा सबसे ज्यादा लाभ, मार्च में बनेगा यह दुर्लभ योग

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह समय भाग्योदय करने वाला साबित हो सकता है। इस समय आपको मनचाहा लाभ मिलने के योग बनेंगे और योजनाओं में सफलता मिलने की संभावना रहेगी। मेहनत का सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा। कन्या राशि वालों के लिए समय कला के क्षेत्र में मौके लेकर आएगा और आपको धन लाभ की भी संभावनाएं हैं। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि के योग हैं।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों को इस अवधि में धन लाभ के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए स्रोत बन सकते हैं। परिवार और कार्यक्षेत्र दोनों जगह संतुलन बना रहेगा। विवाह के योग बनेंगे और घर में सभी के साथ अच्छा संवाद होगा। मीन राशि वालों के आमदनी के लिए नए-नए रास्ते खुलेंगे।

## खबर एक नजर...

### अयोध्या की यात्रा कर ट्रेन से लौटे वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** भाटपचलाना क्षेत्र के ग्राम जलोदा संजर के रहने वाले 68 वर्षीय चंदर 5 दिन पहले अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने गए थे, उनके गांव के आसपास के कुछ लोग भी मिल गए थे। सभी ने साथ दर्शन किए और शुक्रवार को वापस ट्रेन से उज्जैन लौटे। प्लेटफार्म से स्टेशन के बाहर आते समय ब्रिज के समीप लिफ्ट के पास वृद्ध चंदर गश खाकर गिर पड़े, उनके साथ ग्राम मलोडा का रहने वाला भेरूलाल था, वह जीआरपी की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया, आशंका जताई गई कि दिल का दौरा पड़ने से वृद्ध की मौत हुई है। जीआरपी ने परिजनों की जानकारी पता कर सूचना दी, देर शाम पुत्र अस्पताल पहुंच गया था। पुलिस ने बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### जहरीला पदार्थ खाने के बाद जीजा को किया फोन

**उज्जैन।** बड़ोद के ग्राम फूलखेड़ी से गुरुवार-शुक्रवार रात जीवन पिता गंगाराम 31 साल को उज्जैन लेकर आ रहे थे, आगर रोड मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही जीवन की मौत हो गई, डॉक्टर ने चेकअप किया और मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची तो सामने आया कि जीवन ने जहरीला पदार्थ खाया था, हालत बिगड़ने पर उसने अपने जीजा जगन्नाथ को मोबाइल पर कॉल किया था, जीजा उसे तलाशते हुए गांव से बड़ोद तक पहुंचे थे। जहां जीवन बेसुध हालत में पड़ा मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि जीवन की पत्नी की छह माह पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी उसके बाद से जीवन तनाव में रहने लगा था। पुलिस के अनुसार मार्ग डायरी जांच के लिए बड़ोद थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

### देवासरोड पर पलटा लोडिंग वाहन, पांच घायल

**उज्जैन।** देवास की ओर से उज्जैन आ रहा लोडिंग वाहन रात में 11:30 बजे के लगभग ग्राम चंदेसरा के यहां अचानक अनियंत्रित हो गया और पलटी खा गया। घटनाक्रम होते ही चालक मौके से भाग गया। लोडिंग वाहन में सुमन पति स्व. जगदीश परमार 40 साल, आशा पति ईश्वरलाल 43 साल, सुगन बाई पति मदनलाल नरवरिया 60 साल, पुष्पा पति अमृतलाल 58 साल और गीता पति रामचन्द्र सोनवाल 60 साल निवासी प्रेमनगर गदा पुलिया सवार थी, सभी घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए लोगों की मदद से अस्पताल पहुचाया गया। घटना की जानकारी लगते ही नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लोडिंग वाहन जप्त कर लिया गया था। घायलों के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि सभी देवास गए थे जहां से वापस लौट रहे थे हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### धारदार बक्का दिखाकर लोगों धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** दिनदहाड़े धारदार बक्का दिखाकर आने जाने वाले लोगों को बदमाश डरा धमका रहा था। कुछ लोगों ने बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार को सूचना देकर बताया कि बंगरेड चौराहा पर एक बदमाश बड़ी घटना कर सकता है उसके पास लोहे का बक्का है। थाना प्रभारी ने एएसआई नारायण सिंह वास्कले, सुनील देवके, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, आरक्षक नारायण सरा को बदमाश की धरपकड़ के भेजा। पुलिस वाहन आता देख बदमाश ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से धारदार हथियार जप्त कर थाने लाया गया, जहां पूछताछ में बदमाश श्याम पिता रामप्रसाद चौधरी 30 साल निवासी ग्राम बंगरेड होना सामने आया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 260-8 | 378-8 |
| मेन बाजार | 134-8 | 677-0 |
| मिलन डे | 440-8 | 289-9 |
| मिलन नाइट | 137-1 | 280-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 |

## मजदूरी की आड़ में चुराई थी सोलर प्लांट की केबल

# फरार 3 आरोपी गिरफ्तार, ग्राहक बनकर पकड़ा साथी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोलर प्लांट में लगी कॉपर केबल चोरी मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के साथी को 13 दिन पहले पुलिस ने ग्राहक बनकर पकड़ा था। चारों ने प्लांट में मजदूरी के दौरान चोरी को अंजाम दिया था।

मकडोन थाना प्रभारी अरिजीत सिंह राजपूत ने बताया कि जनवरी माह में ग्राम कड़ोदिया पहाड़ी पर बने सोलर प्लांट की 1200 मीटर कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया था। कुछ दिनों की तलाश के बाद 1 फरवरी को पुलिस ने ग्राहक बनकर चोरी में शामिल एक आरोपी अमीन पिता फकीर मोहम्मद निवासी कड़ोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। उसने अपने तीन साथियों के साथ चोरी करना कबूल किया था। पुलिस ने रिमांड लेकर 49 हजार की केबल बरामद कर ली थी। उसके तीन साथी फरार चल रहे थे जिनकी तलाश जारी थी। शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई कि पैतीसा डेम क्षेत्र के पास फरार तीन आरोपी घूम रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई। घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। जिनके नाम बलवंत पिता केसरसिंह राजपूत 25 वर्ष, देवेन्द्र पिता विक्रमसिंह राजपूत और समीर पिता नबी खां 20 वर्ष, निवासी बागरी मोहल्ला कडोदिया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। चारों ने सोलर प्लांट से केबल चोरी करने के बाद पैतीसा डैम के समीप ही छुपाई थी।



### संधारण और मजदूरी का करते थे काम

थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी में शामिल चारों आरोपी पहाड़ी के ऊपर बने सोलर प्लांट में संधारण और मजदूरी का काम करते थे। उन्हें प्लांट की केबल के संबंध में पूरी जानकारी थी। जिसके चलते उन्होंने रात के अंधेरे में चोरी को अंजाम दिया था। रात के समय हुई चोरी और आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं होने पर पुलिस ने बदमाशों का सुराग लगाने के लिए मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया था, इसी आधार पर सूचना मिली थी कि कुछ युवक तांबे की केबल बेचने की फिराक में है। पुलिस ने 500 रुपये किलो में बिकने वाली कॉपर केबल का सौदा ग्राहक बनकर 700 रुपए में किया था और मामले का खुलासा कर दिया था।

## काम से लौट रहे दोस्तो को कार ने मारी टक्कर

# एक की मौत, दूसरा घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


तराना मार्ग पर गुरुवार-शुक्रवार रात काम से लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को तेज गति से आई अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर घायल हो गए। उन्हे कुछ लोगों ने तराना अस्पताल पहुंचाया, हालत गंभीर होने पर उज्जैन रेफर किया गया लेकिन एक की मौत हो गई।

तराना तहसील के ग्राम लसूरिया बेचर में रहने वाले दो दोस्त विष्णु पिता भेरुलाल मालवीय और पप्पू पिता अमरसिंह कीर उज्जैन स्थित पिंगलेश्वर की ब्लॉक फैक्ट्री में काम करते थे। गुरुवार रात काम खत्म होने पर दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में जवासिया के समीप तेज गति से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उज्जैन से दिनेश शर्मा अपने साथियों के साथ तराना लौट रहे थे। उन्होंने दोनों घायलों को देखा तो तत्काल तराना अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उज्जैन रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में पप्पू की मौत हो गई। उज्जैन अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह मृतक पप्पू का पोस्टमार्टम कराया। तराना पुलिस द्वारा अज्ञात कार की तलाश मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से करने का प्रयास कर रही है।

# दिवंगत आरक्षक के पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस विभाग में वर्षों तक आरक्षक के पद पर कर्तव्य के साथ ईमानदारी से ड्यूटी करने वाले आरक्षक मुकेश रावल का आकस्मिक निधन हो गया था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा एक बार फिर मध्यप्रदेश शासन के नियमों के अनुरूप स्वर्गीय आरक्षक मुकेश रावत के पुत्र रोहित रावत को जिला पुलिस बल उज्जैन में आरक्षक (जीडी) पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय मुकेश जी रावत ने अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वे एक सजग, कर्मठ एवं समर्पित पुलिस अधिकारी थे, जिनका जनसुरक्षा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणास्पद रहेगा। उनका सेवा भाव पुलिस परिवार के लिए गौरव का विषय है। उनके सुपुत्र रोहित रावत का पुलिस परिवार में सम्मिलित होना भावनात्मक गर्व एवं परंपरा की निरंतरता का प्रतीक है। यह क्षण इस बात को दर्शाता है कि पुलिस संगठन अपने प्रत्येक सदस्य एवं उनके परिवार के साथ सदैव संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ खड़ा रहता है।



# चेकिंग अभियान में मिले 40 संदिग्ध, थानों में पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है। शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 40 संदिग्धों को पकड़ा गया, जिनसे संबंधित थानों में पूछताछ की जा रही है।

15-16 फरवरी को महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना बनी हुई है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जा रहा है और बीडीडीएस के साथ क्राइम ब्रांच, साइबर टीम संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही है। महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र, देवासगेट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नानाखेड़ा बस स्टैंड के साथ पारदी डेरों सहित संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 से अधिक संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया और उन्हें पूछताछ के लिए संबंधित स्थान पर भेजा गया। सार्वजनिक स्थानों पर हुई चेकिंग के साथ ही पुलिस की टीम द्वारा होटल, ढाबो और दुकानों पर भी सर्चिंग की गई। होटल धर्मशाला और लाज संचालकों को हिदायत दी गई की बिना दस्तावेज किसी को भी रूम उपलब्ध न कराया जाए। संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर तत्काल संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाए। संयुक्त रूप से पुलिस टीम द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान विस्फोटक सामग्री की भी जांच पड़ताल की जा रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए महाकाल मंदिर क्षेत्र में 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है, पांच ड्रोन के माध्यम से भीड़ नियंत्रण और बदमाशों पर नजर भी रखी जाएगी। जिले में त्योहारों को देखते हुए शांति भंग करने वाले और सौहार्द बिगड़ने वालों की भी धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com